दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 10 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 268 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

ऐसा लगता है कि नवगठित आईएनडीआईए ने अपना सूत्रवाक्य बना लिया है कि - हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे। इस गठबंधन में शामिल किसी भी घटक दल के नेता पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं और कार्यवाही की जाती है तो पूरा गठबंधन सरकार के खिलाफ हल्ला बोल देता है। पैसे और महंगे तोहफे लेकर संसद में प्रश्न पूछने के आरोप में घिरी टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खत्म कर दी गयी है। इस कार्यवाही को लेकर पूरा विपक्ष सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा कर उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

आज खत्म हो जाएगा सीएम पर सस्पेंस, दोपहर 12 बजे होगी विधायक दल की बैठक

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री को लेकर स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। दिल्ली में चले मुलाकातों और बैठकों के दौर के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने तीनों राज्यों में सीएम पद को लेकर आम सहमति बना ली है और सोमवार तक नामों का ऐलान संभव है।

इसके लिए आज भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। इस बैठक में चर्चा के बाद नए सीएम को लेकर सस्पेंस खत्म होगा। सूबे का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा यह आज (10 दिसंबर) शाम तक साफ हो सकता है। बीजेपी विधायक दल की बैठक दोपहर 12 बजे होगी। इसमें बीजेपी की ओर से नियुक्त किए गए तीनों पर्यवेक्षक शामिल होंगे। झपर्यवेक्षकों के साथ ही प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, मनसुख मांडविया और नितिन नबीन रविवार को रायपुर पहुंचेंगे। इनकी उपस्थिति में ही विधायक दल की बैठक होगी। बैठक में पार्टी के पर्यवेक्षक विधायकों से सीएम के नाम को लेकर उनकी राय जानेंगे। बीजेपी ने अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल और

पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को छत्तीसगढ़ का ऑब्जर्वर बनाया है।

बैठक में रखा जाएगा नाम

मुख्यमंत्री के लिए 3-4 नाम चल रहे हैं, लिहाजा पर्यवेक्षक विधायकों से वन-टू-वन चर्चा भी कर सकते हैं। इसके अलावा हाईकमान से अगर कोई नाम तय किया गया होगा तो पर्यवेक्षक उस नाम को भी विधायक दल में रख सकते हैं। पर्यवेक्षक बताएंगे कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने किसे मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। बीजेपी विधायकों को बैठक में शामिल होने की सूचना भेज दी गई है। विधायकों से रायशुमारी के बाद मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया जाएगा।

कार्यकर्ताओं को साव ने दी जीत की बधाई

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव ने शनिवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जी-जान से मेहनत की है। सभी को ऐतिहासिक जीत की बधाई। उन्होंने कहा कि लगातार देश के प्रधानमंत्री मोदी जी, नड्डा, अमित शाह ने हमारे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। बीजेपी विधायक दल की बैठक कल निर्धारित हुई है। पार्टी ने 3 पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए हैं जो विधायक दल की बैठक लेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ग्लोबल लीडर अप्रूवल लिस्ट में फिर टॉप पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्लोबल लीडर्स की लेटेस्ट अप्रूवल रेटिंग लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं। उन्हें लगातार तीसरी बार 76 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है। इससे पहले सितंबर और अप्रैल में जारी आंकड़ों में पीएम मोदी को 76 प्रतिशत रेटिंग मिली थी। जबकि फरवरी में पीएम मोदी को 78 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता माना गया था।

ताजा लिस्ट में 66 प्रतिशत रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर मेक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर और तीसरे स्थान पर स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति एलेन बर्सेट हैं, उन्हें 58 प्रतिशत रेटिंग मिली है। इस लिस्ट में 49 प्रतिशत रेटिंग के साथ ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा चौथे स्थान पर हैं। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति 40 प्रतिशत रेटिंग के साथ सातवें नंबर पर हैं, जो मार्च के बाद

उनकी सर्वोच्च रैंकिंग है। यह सर्वे अमेरिकी कंसल्टिंग फर्म मॉर्निंग कंसल्ट की ओर से किया है, जिसमें दुनिया के 22 नेताओं को शामिल किया गया था। इस सर्वे के लिए 6-12 सितंबर 2023 तक आंकड़े जुटाए गए। जिसमें सिर्फ 18 प्रतिशत लोगों ने पीएम मोदी को डिसअप्रूव किया। डिसअप्रव रेटिंग में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो टॉप पर हैं। उन्हें 58 प्रतिशत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेरे लिए गरीब-किसान ही वीआईपी : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 9 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बात की। इसमें पीएम अलग-अलग राज्यों के लाभार्थियों से वर्चुअली जुड़े। लाभार्थियों से चर्चा के बाद पीएम ने लोगों को संबोधित भी किया। मोदी ने कहा- मेरा मकसद है कि जहां, जिस गांव में ये यात्रा पहुंचे, हर व्यक्ति उस गाड़ी तक पहुंचे। तभी हम विकसित भारत के संकल्प तक पहुंच पाएंगे। मेरे लिए गरीब, वंचित, जिनको कोई नहीं पूछता, उनको ना केवल मोदी पूछता है, बल्कि पूजता है। मेरे लिए देश का हर गरीब, हर किसान वीआईपी है। पीएम ने बिहार की एक लाभार्थी से बात करते हुए कहा- कि खुशी है कि आपको योजनाओं का फायदा मिला। पहले तो स्कीम्स सिर्फ कागजों पर होती थीं। किसी को इनके बारे में पता नहीं होता था।

लोकसभा सांसद दानिश अली बसपा से निष्कासित

लखनऊ (एजेंसी)। लोकसभा सांसद दानिश अली को बहुजन समाज पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। उनके खिलाफ कार्रवाई का कारण पार्टी विरोधी गतिविधि बताया गया है। बसपा ने एक बयान में कहा, दानिश को पार्टी की नीतियों, विचारधारा और अनुशासन के खिलाफ बयान या कार्रवाई के खिलाफ कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद वे लगातार पार्टी के खिलाफ काम कर रहे थे। बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने संसद में दानिश अली के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसके बाद उन्होंने कई बड़े विपक्षी नेताओं से मुलाकात की थी।

कांग्रेस सांसद के ठिकानों से 300 करोड़ मिले, नोट गिनने में लगेंगे और 2 दिन

रांची/नवप्रदेश। झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू और उनके करीबियों के ठिकानों पर 300 करोड़ से ज्यादा का कैश मिल चुका है। इन ठिकानों में झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के 10 ठिकाने शामिल हैं, जहां आयकर विभाग जांच कर रहा है। इनकम टैक्स के अफसरों के मुताबिक, ये किसी सिंगल ऑपरेशन में बरामद हुई अब तक की सबसे बड़ी रकम है। टैक्स चोरी के मामले में धीरज के घर, ऑफिस और फैक्ट्री पर बुधवार 6 दिसंबर को छापेमारी शुरू की गई थी। इधर, रांची में पिछले 3 दिन से जांच कर रहे अधिकारी ब्रेड और केले खाकर पेट भर रहे हैं। जांच अधिकारियों को इस घर से तीन बैग मिले हैं। साथ ही ओडिशा की गाड़ियां भी मौजूद हैं।

आयकर विभाग को अब तक ओडिशा के टिटलागढ़, बोलांगीर और संबलपुर स्थित ठिकानों से 300 करोड़ कैश मिल चुका है। शनिवार 8 दिसंबर से नोट गिनने के लिए 40 बड़ी और छोटी मशीनें लगाई गई हैं। नोटों की गिनती अभी जारी है। आयकर विभाग के महानिदेशक संजय बहादुर ने मीडिया को बताया कि कैश इतना ज्यादा है कि इसकी गिनती में अभी दो दिन और लगेंगे। इसके बाद ही आधिकारिक रूप से इस पर जानकारी दी जा सकेगी। आयकर विभाग ने बुधवार 6 दिसंबर को छापेमारी शुरू की थी। 7 दिसंबर तक शराब बनाने वाली कंपनी बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के कार्यालय में नोटों से भरी 30 अलमारी मिली थीं। इनमें से 9 में 500, 200 और 100 रुपए के नोट के बंडल जब्त किए थे। नोटों से भर कई बैग भी मिले थे। हालांकि, इनमें कितना कैश था, इसकी जानकारी आईटी टीम ने नहीं दी। अभी लॉकरों को खोला जाना बाकी है। गुरुवार की शाम तक 260 करोड़ का कैश मिल चुका था। इसके बाद यह राशि बढ़ती चली गई।

एनआईए की 40 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी, 13 गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार सुबह देश के दो राज्यों महाराष्ट्र और कर्नाटक में कुल 44 ठिकानों पर छापे मारे। छापेमारी के बाद एजेंसी ने महाराष्ट्र से 13 लोगों को अरेस्ट किया है। बताया जा रहा है ये लोग आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े हैं। एनआईए ने महाराष्ट्र के 43 और कर्नाटक के एक ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। सबसे ज्यादा ठाणे रूरल में 31 जगहों, पुणे में दो, ठाणे सिटी में 9, भयंदर में एक और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलियों ने बीजेपी नेता का गला रेता, इस साल 8 नेताओं की हत्या

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने बीजेपी नेता कोमल मांझी की गला रेत कर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि सुबह मंदिर से लौटते वक्त साधारण वेशभूषा में पहुंचे नक्सलियों ने कोमल मांझी को पकड़ लिया और गला रेत दिया। नक्सलियों ने आमदई माइंस की दलाली करने का आरोप लगाया है। घटना छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, कोमल मांझी शनिवार सुबह छोटेडोंगर गांव में स्थित शीतला माता मंदिर

से लौट रहे थे। इसी बीच 4 से 5 नक्सली वहां आ धमके। सुनसान इलाका देखकर नक्सलियों ने मांझी को पकड़ लिया और जंगल की तरफ लेकर गए। इसके बाद धारदार हथियार से हत्या कर दी। नक्सलियों ने शव को गांव के पास फेंक दिया। नक्सली इस साल अब तक 8 नेताओं को मौत के घाट उतार चुके हैं। बताया जा रहा है कि, नक्सलियों ने सुबह 10 से 11 बजे के बीच वारदात की है। वारदात के बाद नक्सली जंगल की तरफ लौट गए। ग्रामीणों ने शव को देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। नक्सलियों ने शव के पास पर्चे भी फेंके थे। पर्चे में लिखा है कि कोमल मांझी आमदई माइंस की दलाली करता था। इससे पहले भी समझाइश दी गई थी, नहीं माना, इसलिए मौत की सजा दी है।

अयोध्या में भगवान राम के लिए कमल-आसन तैयार

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के गर्भगृह की फिनिशिंग और लाइट फिटिंग का काम पूरा हो गया है, जिसके बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने शनिवार (9 दिसंबर) को गर्भगृह की दो तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इधर, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या में भगवान राम की झांकी निकाली जाएगी। इसे तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है। इसमें भगवान राम के जन्म से लेकर वनवास और लंका जाने की कहानियां शामिल की गई हैं। मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने मीडिया को बताया कि संगमरमर से बने कमल के फूल के आसन पर रामलला का सिंहासन रखा जाएगा, वह भी गर्भगृह में स्थापित कर दिया गया है। सिंहासन, गर्भगृह में किस ऊंचाई पर रखा जाएगा, यह एक्सपर्ट तय करेंगे।

दरअसल, सिंहासन की ऊंचाई पृथ्वी के घूमने के आधार पर तय होगी, ताकि रामनवमी पर दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें रामलला के ललाट का स्पर्श कर गर्भगृह को रोशन करें। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। तैयारियों को लेकर राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिन चलने वाली बैठक आज से होगी।

डीआरडीओ ने ओडिशा में 3 महीने तक मिसाइल टेस्टिंग रोकी

भुवनेश्वर (एजेंसी)। देश की प्रमुख रक्षा एजेंसी डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के व्हीलर द्वीप पर होने वाली मिसाइल टेस्टिंग को 3 महीने के लिए रोक दिया है। यह जानकारी ओडिशा के मुख्य सचिव पीके जेना ने दी है। इसके पीछे वजह हैं ओलिव रिडले कछुए। नवंबर से मई तक इन कछुओं का नेस्टिंग टाइम होता है। इस साल करीब 5 लाख ओलिव रिडले कछुओं ने यहां नेस्टिंग की है। डीआरडीओ अधिकारियों का कहना है कि मिसाइल टेस्टिंग के दौरान तेज

चमक और आवाज होने से कछुओं का ध्यान भटक सकता है। इन्हें परेशानी न हो, इसलिए यह फैसला लिया गया। ओलिव रिडले का नेस्टिंग टाइम नवंबर से शुरू होता है। इस साल जैसे ही तट पर पहला ओलिव रिडले नजर आया, ओडिशा सरकार ने 1 नवंबर 2023 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अटल जी ने उत्तराखंड को बनाया मोदी जी इसे संवार रहे : शाह

देहरादून (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार (9 दिसंबर) को 'उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' समिट के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 3.5 लाख करोड़ रुपए के एमओयू के साथ नए उत्तराखंड की अनेक संभावनाओं को तराशने की शुरुआत है। उत्तराखंड ने बिना प्राकृतिक सौन्दर्य को बिगाड़े इको-फ्रेंडली तरीके से कैसे एक छोटा राज्य उद्योग जगत से जुड़ता है, इसका एक उदाहरण दुनिया के सामने रखा है। अमित शाह ने कहा, 'अटल जी ने उत्तराखंड को बनाया था, अब मोदी जी

इसे संवार रहे हैं और उनके नेतृत्व में उत्तराखंड आगे बढ़ रहा है। मैंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लक्ष्य के बारे में पूछा और उन्होंने कहा कि 2 लाख करोड़ रुपए का निवेश आने की संभावना है। लेकिन आज राज्य में निवेश के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपए के एमओयू संपन्न हुए हैं। मैं इसके लिए राज्य प्रशासन को बधाई देना चाहता हूं। अब उत्तराखंड एक मजबूत राज्य बनेगा।'

तेलंगाना में बीजेपी विधायकों ने सदन में नहीं ली शपथ

हैदराबाद (ए.)। तेलंगाना में भाजपा के सभी 8 विधायकों ने सदन में पद की शपथ नहीं ली। ये सभी विधायक ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन के अकबरुद्दीन ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर बनाने का विरोध कर रहे थे। ये विधायक राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन से मिलने पहुंचे।

अकबरुद्दीन ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन के विधायक और असदुद्दीन ओवैसी के भाई हैं। इस मामले पर तेलंगाना भाजपा के महासचिव गुज्जुला प्रेमेंद्र रेड्डी ने कहा- हमने शपथ का बायकॉट इसलिए किया, क्योंकि अकबरुद्दीन ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया। सीनियर विधायकों की अनदेखी गई और ओवैसी को पद पर बैठा दिया। कांग्रेस झूठ बोलती है। वे परंपरा का पालन नहीं करते। अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं के चलते ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर बना दिया। अकबरुद्दीन ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने पर बीजेपी विधायक टी राजा सिंह ने एक वीडियो जारी कर कहा- कांग्रेस सरकार ने आदेश जारी किया कि 9 दिसंबर को अकबरुद्दीन ओवैसी के सामने सभी लोग शपथ समारोह में शामिल होंगे। ये राजा सिंह जब तक जिंदा है, अकबरुद्दीन ओवैसी के सामने शपथ नहीं लेगा, अकबरुद्दीन ओवैसी के सामने शपथ नहीं लेगा। आमतौर पर प्रोटेम स्पीकर सदन के सबसे सीनियर विधायक को बनाया जाता है। उनका काम नए विधायकों को शपथ दिलाना और विधानसभा स्पीकर का चुनाव करवाना होता है।

अब इंडोनेशिया भी देगा भारतीयों को वीजा फ्री एंट्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए थाईलैंड, श्रीलंका और मलेशिया के बाद अब एक और देश ने भारतीय नागरिकों को वीजा फ्री एंट्री देने का फैसला किया है। इंडोनेशिया के पर्यटन मंत्रालय के अनुसार भारतीय नागरिकों को वीजा फ्री एंट्री के इस फैसले पर एक महीने के अंदर इस मुहर लग सकती है। बता दें कि अगर कोई देश किसी देश के नागरिकों के लिए वीजा फ्री एंट्री की अनुमति देता है तो वहां के

नागरिकों को उस देश में जाने के लिए वीजा अप्लाई करने की जरूरत नहीं होती है। केवल पासपोर्ट या कोई अन्य वैध आईडी उस देश में जाने के लिए काफी होता है। इंडोनेशिया के पर्यटन मंत्री सैंडियागा यूनो ने गुरुवार को कहा कि उन्हें सरकार से कुछ देशों के पर्यटकों के लिए वीजा फ्री एंट्री देने पर विचार करने के निर्देश मिले हैं। इंडोनेशिया अपने पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका, चीन, ऑस्ट्रेलिया, भारत, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस सहित 20 देशों के नागरिकों को वीजा फ्री एंट्री देने पर विचार कर रहा है। इंडोनेशिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी को वोट देने पर मुस्लिम महिला को पीटा, पीड़िता से मिले शिवराज

भोपाल/नवप्रदेश। भाजपा को वोट देने पर मारपीट का शिकार सीहोर की मुस्लिम महिला से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने समीना बी को शनिवार 9 दिसंबर को सीएम हाउस बुलाया। वे अपने बच्चों के साथ भोपाल आईं। समीना ने कहा, 'मैंने सीएम से मुलाकात की है। भैया (शिवराज) ने बोला है कि वे मेरे बच्चों और परिवार की चिंता करेंगे। इसलिए मैं आगे भी बीजेपी को वोट दूंगी।' सीहोर में भाजपा को वोट देने की बात पर महिला को उसके देवर ने डंडे से पीटा था। थप्पड़ और मुक्के मारे थे। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना 4 दिसंबर की है। महिला ने आरोपी के खिलाफ 6 दिसंबर को पुलिस में केस दर्ज कराया था। आरोपी पर कार्रवाई नहीं होने पर 8 दिसंबर को पिता के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर प्रवीण सिंह से शिकायत की थी।

सीएम शिवराज सिंह ने कहा- 'अभी मेरे पास एक बहन आई थी, समीना। उसने बीजेपी को वोट दिया। बाद में उसके साथ थोड़ी मारपीट हुई तो मैंने कहा बहन आजा सीएम हाउस। तेरा भाई जिंदा है। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं।

■ न्यूज गैलरी

अर्बिल प्रांत में इमारत में आग लगने से 14 की मौत

बगदाद(वार्ता/शिन्हुआ)। इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में एरबिल प्रांत के सोरन शहर में एक आवासीय इमारत में शुक्रवार रात आग लगने से चौदह लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। सोरन स्वास्थ्य विभाग के एक बयान में कहा गया है, आग सबसे पहले तीसरी और चौथी मंजिल पर लगी, जहां विश्वविद्यालय के छात्र और शिक्षक रहते थे, और फिर पूरी पांच मंजिला इमारत में फैल गई। बयान में बताया गया है कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। नागरिक सुरक्षा टीमों और अग्निशामकों ने आग बुझा दी है।

फिरोजपुर सीमा के पास एक ड्रोन बरामद

जालंधर(वार्ता)। सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब में फिरोजपुर जिले के रोहिल्ला हाजी गांव से एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है।

बीएसएफके प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को देर रात बीएसएफके जवानों ने मबोक के पास एक संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि को देख तुरंत प्रतिक्रिया दी और ड्रोन को रोकने के लिए उस पर गोलीबारी की। प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार सुबह इलाके की तलाशी के दौरान, सुबह लगभग 07:25 बजे, बीएसएफके जवानों ने गांव रोहिल्ला हाजी के खेत से एक होल्ड और रिलीज मैकेनिज्म के साथ एक छोटा ड्रोन बरामद किया। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर (मॉडल - डीजेआई माविक 3 क्लासिक, चीन में निर्मित) है।

दिव्यांगजन को सहानुभूति नहीं चाहिए : धनखड़

नई दिल्ली(वार्ता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति का पात्र नहीं बल्कि उन्हें उनके ज्ञान, योग्यता, झुकाव और विशेषज्ञता के लिए मान्यता का पात्र माना जाना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा, एक ऐसा इको-सिस्टम बनाने की आवश्यकता है जिससे हम अपने दिव्यांग जनों को सशक्त बना सकें जिनके पास अपार प्रतिभा है। विकलांगता मानसिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक चुनौतियों के दायरे तक फैली हुई है। गुरुग्राम में विकलांगता पर 10 वें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने उन सामाजिक धारणाओं में आए बदलाव का उल्लेख किया और कहा कि जो लोग बाहरी तौर पर शारीरिक रूप से सक्षम दिखते हैं उनमें किसी न किसी प्रकार की विकलांगता हो सकती है। उन्होंने प्रमुख कॉर्पोरेट संस्थाओं से अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड को समाज के इन वर्गों को सशक्त बनाने के लिए देने का आग्रह किया।

मध्य मेक्सिको में सशस्त्र संघर्ष,11 की मौत

मेक्सिको सिटी(वार्ता)। मेक्सिको में टेक्सकल्टिटलान नगर पालिका में एक सशस्त्र समूह और स्थानीय निवासियों के समुदाय के बीच हुये संघर्ष में शुक्रवार को कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। राज्य सुरक्षा सचिवालय ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि मृतकों में से आठ कथित तौर पर सशस्त्र समूह के सदस्य है जबकि अन्य तीन निवासी थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि संघर्ष भूमि अधिकारों के संग्रह को लेकर हुआ जो लैटिन अमेरिका में जबरन वसूली का एक आम चलन है। स्थानीय मीडिया आउटलेट 'मिलेनियो' के अनुसार, गोलीबारी कथित तौर पर एक असफल बातचीत के बाद हुई, जिसमें आपराधिक संदिग्धों ने निवासियों से ली गई राशि बढ़ाने की मांग की थी।

महुआ मोइत्रा के निष्कासन ने विपक्ष को दी संजीवनी

नई दिल्ली(वार्ता)। तृणमूल कांग्रेस के सांसद महुआ मोइत्रा को कैश फॉर क्वेरी मामले में लोकसभा से शुक्रवार को निष्कासित कर दिया गया। एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट चर्चा के बाद पारित हुई। हालांकि, महुआ मोइत्रा के निष्कासन को लेकर राजनीति जबरदस्त तरीके से जारी है। विपक्षी दलों का दावा है कि महुआ मोइत्रा के साथ नाइंसाफी हुई है। उन्हें सदन में अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। इसके साथ ही विपक्षी दलों की ओर से दावा किया जा रहा है कि यह लोकतंत्र के साथ विश्वास घात हुआ है। महुआ मोइत्रा के निष्कासन के बाद विपक्षी सांसद एकजुट नजर आए। उन्होंने गांधी प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन भी किया जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी मौजूद रहे।

विपक्षी एकता को संजीवनी

ऐसे में इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि महुआ मोइत्रा की निष्कासन ने क्या विपक्षी एकजुटता को फिर से मजबूत कर दिया है? क्या इंडिया गठबंधन को मोदी सरकार को घरने के लिए बड़ा हथियार मिल गया है? पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन को लेकर लगातार तकरार की खबरें आ रही हैं। 6 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक कांग्रेस की ओर से दिल्ली में रखी गई थी। लेकिन कई बड़े नेताओं के मना करने के बाद इस संस्थागित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस के रवैये पर आपत्ति जताई है। जिस तरीके से हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने क्षेत्रीय दलों का अपमान किया, उसकी वजह से इंडिया गठबंधन के कुछ नेताओं ने खुलकर कांग्रेस का विरोध किया। यही कारण है कि लगातार इंडिया गठबंधन में खटपट की स्थिति चल रही थी। हालांकि, महुआ मोइत्रा प्रकरण विपक्षी एकता को संजीवनी दी है।

विपक्षी नेताओं के बयान

– **तृणमूल कांग्रेस** की प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इस कदम को देश के संसदीय लोकतंत्र के साथ ''विश्वासघात'' करार दिया। उन्होंने कहा कि आज मुझे बीजेपी पार्टी का रवैया देखकर दुख हो रहा है...उन्होंने लोकतंत्र को कैसे धोखा दिया...उन्होंने महुआ को अपना रुख स्पष्ट करने की अनुमति नहीं दी। सरासर अन्याय हुआ है। ममता ने कहा कि मैं आपको बता रही हूं कि महुआ परिस्थितियों की शिकार हुई हैं। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं...हमारी पार्टी महुआ से साथ है हमारी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेगी...यह लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

– **कांग्रेस सांसद** कार्ति चिदंबरम ने कहा कि महुआ मोइत्रा को अपराधी बताने के बाद एथिक्स कमेटी ने पूछताछ की मांग की। आप अपराधी मिलने के बाद जांच की मांग कैसे कर सकते हैं? आपको पहले जांच करनी चाहिए और फिर किसी को अपराधी कहना चाहिए... आपको कानून की प्रक्रिया का पालन करना चाहिए।

– **पश्चिम बंगाल** सरकार में मंत्री डॉ. शशि पांजा ने कहा कि एक महिला का सत्ता में होना ऐसी चीज है जिसे भाजपा बर्दाश्त नहीं कर सकती.... उन्होंने(भाजपा) कैसे सोचा कि यह निष्कासन उन्हें चुप कराने के लिए काफी है? वे 2024 में फिर चुनाव लड़ेंगी।

– **कांग्रेस नेता अब्दुल खालिक** ने कहा, जो भी अडानी पर सवाल उठाता है ये सरकार उसके खिलाफकार्रवाई करती है। महुआ मोइत्रा के केस में भी हमने वही देखा। ये सरकार डरती है... सरकार लोकतंत्र को खत्म कर रही है।

– **कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत** ने कहा, सबसे बड़ा विरोधाभास है कि एक व्यक्ति पर आपने कुछ आरोप लगाए, सभी उस पर बोल रहे थे पर महुआ मोइत्रा बोलने और सफाई देने का मौका नहीं दिया गया। मुझे लगता है कि ये न्यायोचित नहीं है...भाजपा सशक्त महिलाओं से घबराती हैं। अडानी पर अगर कोई बात कर ले तो सदन में आपके लिए जगह नहीं है। अडानी और मोदी के रिश्तों पर जो भी सवाल उठाएगा उसके खिलाफहर प्रकार की मनमानी कार्रवाई की जाएगी।

– **आप के राज्यसभा सांसद** संदीप पाठक कहते हैं, ''एक लक्ष्य रखा गया था कि उन्हें को हटाना है और फिर एक रणनीतिक योजना बनाई गई... उन्हें फंसाया गया... हर कोई जानता था कि यह सब उन्हें निलंबित करने के लिए किया गया था। ..हम महुआ मोइत्रा के साथ हैं...। आप की प्रियंका कक्कर ने कहा कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज बृजभूषण सदन में है, और महुआ मोइत्रा को बाहर किया गया है। यह बीजेपी की सोची समझी साजिश है।

2024 का मंच तैयार

एक दिन पहले तक जो इंडिया गठबंधन और उसके सदस्य बिखरे नजर आ रहे थे, इस प्रकरण के बाद वह पूरी तरह एकजुट रहे। राज्य चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के कारण गठबंधन तनाव में दिख रहा था। तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) ने भाजपा से मुकाबला करने की कांग्रेस की क्षमता पर सवाल उठाए। लेकिन महुआ मोइत्रा प्रकरण ने माहौल बदल दिया है और इंडिया ब्लॉक की एक और सौहार्दपूर्ण बैठक के लिए माहौल तैयार कर दिया है। टीएमसी नेता द्वारा उठाए गए मुद्दों पर राहुल गांधी ने भी आवाज उठाई है, जहां उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार पर एक व्यापारिक घराने का पक्ष लेने का आरोप लगाया है। कांग्रेस उनसे ज्यादा दिनों तक दूरी नहीं बना सकी। साथ ही, वह टीएमसी को नाराज करने से भी सावधान थी, जिसने हाल तक उनके मामले पर काफी हद तक चुप्पी साध रखी थी। लेकिन सोनिया गांधी ने खुद एकजुटता दिखाते हुए टीएमसी और ममता बनर्जी को खुश कर दिया है। कांग्रेस ने महुआ के समर्थन में अपने सांसदों को लोकसभा में मौजूद रहने का व्हिप जारी किया था। इतना ही नहीं, ममता के विरोधी माने जाने वाले अधीर रंजन चौधरी ने महुआ के साथ खड़े होने और स्पीकर को पत्र लिखकर आचार समिति की रिपोर्ट पर चर्चा के लिए और समय मांगा।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 3.59 करोड़ लाभार्थी

नई दिल्ली(वार्ता)। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 3.59 करोड़ से अधिक लाभार्थियों का नामांकन किया गया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की संसद में रखी एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017-18 में इस योजना के प्रारंभ होने से लेकर दो दिसंबर 2023 तक 3.21 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 14,428.35 करोड़ रुपये से अधिक के मातृत्व लाभ वितरित किए गए हैं। इसमें केंद्र और राज्य दोनों के हिस्से शामिल हैं। सरकार ने पीएमएमवीवाई के लिए आवेदन प्रक्रिया को एक मोबाइल ऐप और एक समर्पित पोर्टल की शुरुआत करके पूर्णतया डिजिटल कर दिया है, जिससे आवेदन की प्रक्रिया पेपरलेस हो गई है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र सरल और समझने में आसान है, जो एक सुसंगत और सीधी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता मोबाइल ऐप या पीएमएमवीवाईसॉफ्ट एमआईएस पर ऑनलाइन लाभार्थियों के फॉर्म भरती हैं। इसके अलावा लाभार्थी के स्व-पंजीकरण का प्रावधान किया गया है ताकि लाभार्थी या लाभार्थी की ओर से कोई व्यक्ति पंजीकरण कर सके। पीएमएमवीवाई के अंतर्गत, लाभार्थियों के आधार के माध्यम से भुगतान राशि हमेशा लाभार्थी के पास जाती है। पति का आधार देने की अनिवार्यता को भी हटा दिया गया है। पीएमएमवीवाई के अंतर्गत ये लाभ बच्चे के जन्म के समय अनौपचारिक क्षेत्र की महिलाओं सहित समाज के सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित वर्ग की 18 वर्ष, सात माह से लेकर 55 वर्ष के आयु वर्ग की गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए उपलब्ध हैं। पीएमएमवीवाई के तहत दूसरे बच्चे के लिए 6,000 रुपये का मातृत्व लाभ भी प्रदान किया जाता है, बशर्ते दूसरा बच्चा कन्या हो ताकि जन्म से पहले लिंग चयन को हतोत्साहित किया जा सके और कन्या को बढ़ावा दिया जा सके।

दिल्ली के वसंत कुंज से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली(वार्ता)। दिल्ली के वसंत कुंज के पास संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि दोनों की पहचान हरियाणा के मूल निवासी अनीश 23 और 15 वर्षीय किशोर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनो जबरन वसूली के लिए दक्षिण दिल्ली इलाके में एक प्रसिद्ध पांच सितारा होटल के पास गोलीबारी करने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक हमलावरों ने पुलिस टीम पर कथित तौर पर कुल पांच राउंड गोलियां चलाईं, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दो राउंड गोलियां चलाईं और उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। अनीश कथित तौर पर रोहतक जिले में सशस्त्र डकैती, शस्त्र अधिनियम और हमले के छह आपराधिक मामलों में शामिल था। पुलिस ने दावा किया कि किशोर पहले भी इसी इलाके में एक सशस्त्र डकैती मामले में कथित तौर पर शामिल था।

बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़े 6 लोगों को रौंदा, 3 की मौत, 3 गंभीर,

लखनऊ। सहारनपुर जिले के नागल थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे बने बस स्टैंड पर खड़े छह लोगों को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. जबकि, तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए.

हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई। सहारनपुर से मुजफ्फरनगर की ओर जा रहे एक ट्रक पर से ओवरब्रिज के दक्षिणी छोर पर चालक का नियंत्रण हट गया और अचानक ट्रक ने बेकाबू होते हुए सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे यात्री को टक्कर मार दी. मृतकों की पहचान नोमान (18) पुत्र नौशाद निवासी पांडोली रोड नागल, लक्की (18) पुत्र जितेंद्र निवासी जैनपुर के रूप हुई है. एक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

देश में फिर फटा कोरोना बम, कई महीनों बाद एक साथ सामने आए 148 नए केस

नई दिल्ली(ए.)। देश में एक बार फिर कोरोना बम फट गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक कई महीनों बाद देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 148 नए मामले सामने आ गए हैं। बताया जा रहा है कि देश के जितने भी अस्पताल हैं, वहां पर कुल 808 मरीजों का कोविड का इलाज अभी चल रहा है, यानी कि लोग संक्रमित हो रहे हैं। अब ये बढ़े हुए कोरोना मामले भी तब सामने आए हैं जब चीन में एक रहस्यमयी बीमारी ने सभी को दहशत में डाल रखा है।

कोरोना के केस बढ़ें, डरने की जरूरत?

असल में चीन में कुछ महीने पहले एक अलग तरह का निमोनिया डिटेक्ट किया गया। चिंता की बात ये रही कि ये

निमोनिया सिर्फ बच्चों में सामने आए और कई तो अस्पताल में भी भर्ती हुए। अब इस समय जब दुनिया इस नए वायरस को समझने की कोशिश कर रही है, तब भारत में एक बार फिर कोरोना सिर उठा रहा है। कोरोना के बढ़े हुए मामले ने प्रशासन को फिर सतर्क कर दिया है। अभी के लिए ज्यादा चिंता की बात तो नहीं है क्योंकि बड़े स्तर पर टीकाकरण हो चुका है, लेकिन सभी को सावधान रहने की नसीहत दी गई है। यहां ये समझना जरूरी है कि सर्दी में ही कोरोना सबसे ज्यादा फैलना शुरू होता है। पिछले साल भी सर्दी के दौरान ही अचानक से कोरोना मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली थी, अब एक बार फिर दिसंबर के महीने में कोविड के केस बढ़ गए हैं। सरकार ने बढ़े हुए कोरोना मामलों पर नजर रखी हुई है, लेकिन सभी से पैनिक ना करने के लिए कहा गया है। वैसे चीन में चल रही रहस्यमयी बीमारी की बात करें तो इससे भी सरकार इस समय सतर्क है, हर राज्य को केंद्र की तरफसे विस्तृत गाइडलाइन भी दे दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक चीन की इस रहस्यमयी बीमारी से पीड़ित होने पर बच्चों को बिना खांसी के तेज बुखार, गले में दर्द या खराश, फेफड़ों में सूजन, छाती में दर्द, सांस लेने में परेशानी होना या सांस नली में सूजन जैसी समस्याएं घेर रही हैं। यह इतना खतरनाक है कि पीड़ित होने पर बच्चों को तुरंत ही अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत पड़ रही है। एक्सपर्ट्स इसे निमोनिया से अधिक खतरनाक बता रहे हैं। दरअसल, आमतौर पर निमोनिया का इलाज एंटीबायोटिक्स, एंटीवायरल और एंटीफंगल दवाओं की मदद से किया जा सकता है।

जम्मू-कश्मीर : आतंकी हमले में पुलिस इंस्पेक्टर शहीद, अंतिम संस्कार में उमड़ा लोगों का हूजूम

श्रीनगर(ए)। जम्मू-कश्मीर पुलिस इंस्पेक्टर के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आतंकी हमले में पुलिस इंस्पेक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एक महीने से अधिक समय से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे इंस्पेक्टर की इलाज के दौरान मौत हो गई। विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग इंस्पेक्टर मसरूर अहमद

वानी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उनकी दिल्ली के एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। मसरूर अहमद वानी का शव घर लाया गया। इसके के बाद श्रीनगर में जिला पुलिस लाइन में पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। पुष्पांजलि समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और शहीद पुलिस अधिकारी के परिवार के सदस्य शामिल हुए। बाद में शव को श्रीनगर शहर के नरवारी इलाके में उनके घर ले जाया गया। इसके बाद उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वानी पर 29 अक्टूबर को श्रीनगर के ईदगाह इलाके में आतंकवादियों ने उस समय हमला किया था जब वह स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए वानी को इलाज के लिए श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया। फिर उन्हें 6 दिसंबर को दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

बेंगलुरु में मोबाइल टॉवर गिरा बाल-बाल बचे 11 लोग

बेंगलुरु(ए)। बेंगलुरु(ए)। बेंगलुरु में तोड़फोड़ अभियान के दौरान एक इमारत के ऊपर लगा मोबाइल टावर ढह गया। स्थानीय लोगों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में टावर गिरने से पहले एक तरफ झुकता हुआ दिख रहा है। इस घटना में किसी को चोट नहीं आई। शहर के पार्वतीनगर उपनगर में एक इमारत के ऊपर स्थित टावर झुकना शुरू कर देता है, जबकि पास में एक और घर को ध्वस्त किया जा रहा था। गनीमत है कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

बगल में खाली पड़े प्लॉट पर मकान बनाने के लिए मालिक नींव हटाने की तैयारी कर रहा था। जिसके तहत में जेसीबी से साइट को साफ करने का काम किया जा रहा था, तभी यह घटना घट गई। जब जेसीबी से मिट्टी हटाई जा रही थी तो टावर हाउस और उसके ऊपर लगा लोहे का टावर अचानक ढह गया। मोबाइल टावर से सटी दो मंजिला इमारत में 11 लोग रह रहे थे। टावर गिरने का अंदेशा होने पर घर के अंदर मौजूद सभी लोगों को बाहर निकाला गया।

इजरायली हमलों में गाजा में 10, दक्षिणी सीरिया में 3 हिजबुल्लाह आतंकवादी मारे गए

नई दिल्ली(ए.)। इज़राइल-हमास युद्ध अपने तीसरे महीने में प्रवेश कर गया है, जिसके कारण सैकड़ों और हजारों फिलिस्तीनी दक्षिण से भाग गए हैं। एक सप्ताह पहले इज़राइल ने मध्य और दक्षिण गाजा में अपने जमीनी हमले का विस्तार किया, जहां क्षेत्र की लगभग 2.3 मिलियन फिलिस्तीनियों की पूरी आबादी भीड़ में है, उनमें से कई मानवीय आपूर्ति से कटे हुए हैं।

जैसा कि युद्ध जारी है, इज़राइल ने कहा है कि सेना उत्तरी गाजा में पूछताछ के लिए फिलिस्तीनी पुरुषों को घेर रही है, हमास आतंकवादियों की तलाश कर रही है। हमास के भारी प्रतिरोध को रेखांकित करते हुए, उत्तर में उग्र शहरी लड़ाई जारी है, और माना जाता है कि सैनिकों और टैंकों के आने के छह सप्ताह बाद भी हजारों निवासी इस क्षेत्र में बने

हुए हैं।

इज़राइल-हमास युद्ध

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में एक परिवार के घर पर इजरायली बलों द्वारा बमबारी के बाद कम से कम 10 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इज़राइल की सेना ने यह भी कहा कि गाजा में उसकी सेना पहली बार खान यूनिस के दिल में काम कर रही थी। शुक्रवार तड़के, इजरायली सैनिकों ने गाजा में एक स्थान पर इजरायली बंधकों को मुक्त कराने का असफल प्रयास किया। सेना ने कहा कि आतंकवादियों के साथ आगामी संघर्ष में दो सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए और किसी भी बंधक को मुक्त नहीं कराया गया। हमास ने कहा कि उसके लड़ाकों ने प्रयास को विफल कर दिया। सीरिया के दक्षिण में कथित इज़रायली ड्रोन हमले में तीन हिज़्बुल्लाह आतंकवादी और एक सीरियाई मारे गए।

निगरानी और मिसाइल-प्रक्षेपण इकाई के एक सीरियाई और तीन लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके उनकी किराए की कार पर इजरायली ड्रोन हमले में मारे गए क्यूनेइत्रा प्रांत के मदीनात अल-बाथ शहर में, इजरायल-कब्जे वाले गोलान हाइट्स के करीब, एक ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के प्रमुख रामी अब्देल रहमान ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया। एक अलग घटना में, दक्षिणी लेबनान में इज़रायली गोलाबारी में शुक्रवार को तीन लेबनानी सैनिक घायल हो गए। लेबनानी सेना ने अस्पताल पर दूसरे हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी। हिजबुल्लाह ने भी अपने चार लड़ाकों की मौत की घोषणा की। संयुक्त राज्य अमेरिका ने गाजा में हमास आतंकवादियों के खिलाफ एक भीषण हमले के दौरान फिलिस्तीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास करने के लिए इजरायल पर दबाव बनाए रखा, यहां तक ??कि वाशिंगटन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल युद्धविराम की मांग को वीटो कर दिया। शुक्रवार को लड़ाई बढ़ गई और फिलिस्तीन में मरने वालों की संख्या बढ़ गई, साथ ही इजराइल ने इस्लामवादी समूह हमास के खिलाफदो महीने पुराने युद्ध के विस्तारित चरण में उत्तर से दक्षिण तक क्षेत्र पर हमला किया। एक बढ़ते मानवीय दुःस्वप्न की निंदा करते हुए, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने घोषणा की कि गाजा में कहीं भी नागरिकों के लिए सुरक्षित नहीं है।

तेलंगाना में विभागों का बंटवारा, डिप्टी सीएम को मिला वित्त विभाग

हैदराबाद(ए)। तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क को वित्त विभाग दिया गया है, जबकि डुडिला श्रीधर बाबू सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभालेंगे। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार के गठन के दो दिन बाद मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को मंत्रियों के बीच विभागों का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास, सामान्य प्रशासन और कानून व्यवस्था अपने पास रखी है। वह अन्य सभी अनावंटित विभागों की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क वित्त एवं योजना और ऊर्जा का कार्यभार देखेंगे। श्रीधर बाबू सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार, उद्योग और वाणिज्य के मंत्री होंगे। वह विधायी कार्य भी देखेंगे। नालामाडा उत्तम कुमार रेड्डी को सिंचाई और सीएडी, खाद्य और नागरिक आपूर्ति दिया गया है। सी. दामोदर राजनरसिम्हा स्वास्थ्य, चिकित्सा और परिवार कल्याण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री होंगे। कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी सड़क और भवन, सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे और पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी राजस्व और आवास तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री होंगे। पोन्नम प्रभाकर परिवहन और बीसी कल्याण विभाग संभालेंगे। कोंडा सुरेखा पर्यावरण एवं वन और बंदोबस्ती की मंत्री होंगी। सीताक्का पंचायत राज और ग्रामीण विकास, महिला और बाल कल्याण मंत्री हैं। तुम्मला नागेश्वर राव को कृषि, विपणन, सहयोग और हथकरघा एवं कपड़ा विभाग आवंटित किया गया है जबकि जुपल्ली कृष्णा राव निषेध और उत्पाद शुल्क, पर्यटन और संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री होंगे।

न्यूज गैलरी

जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। मौदहापारा एवं सेजबहार पुलिस के टीम ने जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती, सट्टा-पट्टी

सहित नकदी 39400 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रजबंधा मैदान में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी जमालुद्दीन 26 वर्ष सहित अन्य 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 39 हजार रुपए जब्त किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने खेत में सट्टा खिलाते आरोपी चैनलाल साहू 41 वर्ष और देवाराम खरे 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 400 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम चटौद में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी टिकेश्वर यादव 24 वर्ष ग्राम चटौद का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसका भाई गांव में ही स्थित आनंद होटल के पास खड़ा था, तभी आरोपी देवेन्द्र वर्मा और धर्मेन्द्र वर्मा आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी के भाई से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। दावड़ा कालोनी टिकरापारा में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी नागेश कुमार डोंगरे 30 वर्ष दावड़ा कालोनी टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीके 5564 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते चार गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 85 पाव देशी शराब जब्त किया है। धरसींवा पुलिस ने ग्राम गिरौद में अवैध शराब बेचते आरोपी कुनाल वर्मा 18 वर्ष व बेनीराम पटेल 54 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 31 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने ग्राम पिरदा में दबिश देकर आरोपी गोपाल कुर्रे 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 19 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम सुंदरा में दबिश देकर आरोपी घासीराम गायकवाड़ 40 वर्ष के पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 7 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने लोहार गली के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मोहम्मद हकीम 55 वर्ष, रामवीर बघेल 28 वर्ष व विकास जयसिंघानी 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी दुर्गेश साहू 24 वर्ष एवं आरंग पुलिस ने आरोपी लोकेन्द्र बघेल 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी विनोद गेंद्रे 30 वर्ष व उमेश धीवर 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

गांधी परिवार ने देश को लूटा, भूपेश की भी प्रदेश को लूटने की सोच रही : केदार

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के महामंत्री और पूर्व मंत्री केदार कश्यप का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- गांधी परिवार सांसदों के जरिए देश को लूट रहा है।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी छत्तीसगढ़ को लूटने की सोच रही है। ये बातें उन्होंने रायपुर के एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में मीडिया से कहीं। केदार ने झारखंड में सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 200 करोड़ से ज्यादा की बरामदगी पर कांग्रेस पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के गांधी करप्शन सेंटर कांग्रेस चला रही है। अपने नेताओं को गांधी परिवार ही ऐसे काम करने की ट्रेनिंग देता है। साहू शराब के कारोबार से जुड़े हैं। आयकर छापे में झारखंड और ओडिशा के इनके ठिकानों से बड़ी तादाद में कैश मिला है। केदार ने दावा किया कि झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू से जुड़े व्यापारिक समूह के ठिकानों पर

झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 06 दिसंबर, बुधवार से जारी आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक 200 करोड़ रुपये से अधिक का कैश बरामद हो चुका है। अभी बरामद रुपयों की गिनती चल ही रही है। ऐसे में यह जब्त राशि और बढ़ सकती है।

जब्त नोटों की संख्या इतनी ज्यादा कि उन्हें गिनने के लिए मंगवाई गई मशीनें भी खराब हो गई। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक कश्यप ने कहा कि एक तरफ घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लूट-खसोट और दलाली की गारंटी है और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है जो भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कश्यप ने कहा कि जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी मतलब बेईमानों से पाई-पाई वसूलने की गारंटी।

बयानबाजी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जरूरत : डॉ. महंत

रायपुर/नवप्रदेश। सक्ती के नव निर्वाचित विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत इन दिनों दिल्ली प्रवास पर हैं। विधानसभा चुनाव 2023 में मिले जनादेश का सम्मान करते हुए प्रदेश भर के मतदाताओं का आभार जताया, साथ ही डॉ. महंत ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के खिलाफ दिये गए बयानबाजी की तल्ख लहजे में निंदा करते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की बयानबाजी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की जरूरत है। डॉ. महंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को तोड़ने-

बांटने व कमजोर करने वालो की अब कांग्रेस में कोई जरूरत नही है। इस तरह के लोगों के खिलाफ अनुशासन का डंडा चलाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व कुमारी शैलजा व प्रदेश के सह प्रभारियों ने कांग्रेस को एकजुट रखा, बावजूद किसी को अपनी बात रखना है तो पार्टी फोरम में रखे, पार्टी के बाहर बात रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जरूरत है। डॉ. महंत ने कहा कि पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस बाबा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बयानबाजी करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह को बयानबाजी पर कांग्रेस का नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने अपने पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह को बयानबाजी को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कांग्रेस की करारी हार के बाद बृहस्पत ने टीएस सिंहदेव, कुमारी सैलजा जैसे बड़े नेताओं को हार का जिम्मेदार बताया था। कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने नोटिस जारी कर बृहस्पत से जवाब मांगा है। बृहस्पति को 3 दिन के भीतर जवाब देना होगा। पार्टी के बड़े नेताओं में बयानबाजी की वजह से खासी नाराजगी है। माना जा रहा है कि संगठन उन पर कार्रवाई कर

सकता है। बृहस्पत को जारी नोटिस में लिखा गया है कि चुनाव परिणाम के बाद प्रदेश प्रभारी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के ऊपर सार्वजनिक रूप से लगाए गए तथ्यहीन आरोप समाचार पत्र और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हमें इसकी जानकारी मिली है आपके द्वारा लगाए गए आरोपों से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। तीन दिन के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अपना जवाब लिखित में भेजें। रायपुर में पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह ने राहुल गांधी से कुमारी सैलजा को हटाने तक की मांग की थी।

बृहस्पति सिंह को तत्काल निष्कासित किया जाए : कन्हैया अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल और जागेश्वर राजपूत ने पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह को कांग्रेस से तत्काल प्रभाव से निष्कासित करने की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा और पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को कमजोर करने का काम पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह ने ही प्रारंभ किया था जब उन्होंने प्रदेश के वरिष्ठ

मंत्री टीएस सिंहदेव पर हत्या के हत्या का आरोप लगाया था, गंभीर आरोप लगाने के बावजूद बृहस्पति सिंह पर कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण कांग्रेस में अनुशासनहीनता और असंतोष लगातार बढ़ा। बृहस्पति सिंह पर कार्रवाई नहीं किए जाने का ही परिणाम है कि आज बृहस्पति सिंह ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी शैलजा पर भी झूठे और मनगढ़ंत गंभीर आरोप लगाए हैं। ऐसे में तत्काल कार्रवाई नहीं किए जाने से अनुशासनहीनता लगातार और बढ़ेगी।

इंस्पेक्टर से इलेक्ट्रॉनिक स्कूटर के नाम पर की लाखों की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। साइबर ठग अलग-अलग तरीकों से लोगों को ठग रहे हैं। रेलवे विभाग के एक सीनियर इंस्पेक्टर भी साइबर ठगों के झांसे में आ गए। इंस्पेक्टर ने इलेक्ट्रानिक स्कूटर खरीदने के लिए गूगल में कंपनी सर्च किया। इसके बाद उसमें मिले नंबर पर कॉल किया। दूसरी ओर से साइबर ठगों ने कंपनी वाला बनकर उनसे राशि जमा करवा लिया, लेकिन ईवी नहीं भेजा। आरोपियों ने उनसे 1.20 लाख रुपए की ठगी की है। इसकी शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक मुताबिक एसएस कुमार रेलवे के लेखा विभाग में सीनियर इंस्पेक्टर है। उन्होंने 24 नवंबर को गूगल में ईवी खरीदने के लिए कंपनी सर्च किया। उन्होंने सिंपल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड बैंगलुरू का संपर्क निकाला और उससे बातचीत की। कंपनी वालों ने ईवी के लिए एडवांस बुकिंग के तौर पर 20 हजार रुपए जमा करवाया। उन्होंने राशि जमा कर दिया। इसके अगले दिन उसने बुकिंग दस्तावेज बनाने के लिए आधार कार्ड, पेन कार्ड और दो फ ोटो मांगा। कुमार ने अपनी पत्नी के फ ोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड और फ ोटो उसे वाट्सऐप कर दिया। इसके बाद उसने आरटीओ व इंश्योरेंस के लिए 31 हजार 660 रुपए ट्रांसफर करने कहा। कुमार ने फिर उतनी राशि फोन पे के जरिए उसे ट्रांसफर कर दिया। अगले दिन उसने फिर फोन किया और ट्रांसपोर्टिंग और बार्डर क्रासिंग के लिए 32 हजार 500 रुपए की मांग किया। पीड़ित ने फि र उतनी राशि उसे ट्रांसफर कर दिया। दो दिन बाद फि र उसी व्यक्ति ने उन्हें कॉल किया और बोला कि आपका ईवी लेकर ट्रक भिलाई पहुंच गया। अब फ इनल पेमेंट के रूप में 35 हजार 840 रुपए देने पर ईवी मिल जाएगा। पीड़ित ने फि र उतनी राशि उसे ट्रांसफ र कर दिया और वह डिलीवरी वाहन का इंतजार करने लगा, लेकिन उस दिन ट्रक नहीं पहुंचा। पीड़ित ठगों को बताए बैंक खातों में कुल 1 लाख 20 हजार रुपए जमा कर चुका था। ईवी नहीं आने पर उन्होंने कंपनी के मैनेजर को कॉल किया। मैनेजर ने कहा कि डिलीवरी के लिए फाइन चार्ज के रूप में 16 हजार रुपए और जमा करना होगा। यह सुनते ही इंस्पेक्टर को ऑनलाइन ठगी होने का एहसास हुआ। उन्होंने पैसा जमा नहीं किया। पूरे मामले की शिकायत तेलीबांधा थाने में कर दिया। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

रोजगार मेला कल, 150 से अधिक पदों पर होगी सीधी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 11 दिसम्बर को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर रायपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर आयोजित होगा। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस जॉब फेयर में 12वी, स्नातक, स्नातकोत्तर, बीसीए, एमबीए, एमसीए, बीएससी, एमएससी, बीटेक, आईटीआई/डिप्लोमा (इलेक्ट्रिकल). उत्तीर्ण युवाओं की लगभग 150 पदों पर भर्ती होगी। रोजगार प्राप्त युवाओं को 8 हजार से 25 हजार रूपये तक मासिक वेतन मिल सकेगा। इस जॉब फेयर मे निजी क्षेत्र के



नियोजक रिलायंस निप्पॉन लाईफ इंश्योरेंस कम्पनी, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड, ब्लूचिप जॉब प्रा0लिमि0 रायपुर द्वारा 150 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। लाईफ प्लानिंग ऑफिसर के पद पर केवल विवाहित महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती है। जॉब फेयर में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बॉयोडाटा/आधार कार्ड एवं शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता के प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

तूफान का असर कम होते ही ठंड ने दिखाया अपना असर

रायपुर/नवप्रदेश। मिचौंग तूफान का असर कम होते ही प्रदेश में मौसम फिर से साफ हो गया है। बादल छंटने के साथ ही प्रदेश में ठंड ने अपना असर भी दिखाना शुरू कर दिया है। कई इलाके घने कोहरे के चादर से ढके हुए हैं। लगातार बारिश होने की वजह से प्रदेश में ठिठुरन बढ़ गई है। रात के साथ ही अब दिनभर ठिठुरन बढ़ गई है।बता दें कि बीते दिनों लगातार हो रही बारिश और बादलों के छाए रहने से लोग काफी परेशान थे। वहीं, अब बारिश के बाद

आसमान साफहो गया है। बदल छटने के साथ ही ठंड बढ़ी है। मौसम विभाग यानी ने ऐलान किया है कि अगले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ का मौसम और भी सर्द ही रहने वाला है। गौरतलब है कि मिचौंग का प्रभाव अभी प्रदेश के कुछ हिस्सों में अभी भी बना हुआ है।

हवाई किराये पर एमएसपी लाने कैट ने केंद्रीय विमानन मंत्री से की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने हवाई किराये में एमएसपी लागू करने की मांग की है। कैट का कहना है कि विमानन कंपनियों द्वारा हवाई यात्रियों से काफी ज्यादा हवाई किराया वसूला जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि जैसे एयरलाइंस कंपनियां कार्टेल मोड में काम कर रही हैं। इस संबंध में कैट ने केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र भी लिखा है। कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि एयरलाइंस द्वारा वसूले जाने वाले अतार्किक, अत्यधिक और अनिर्देशित हवाई किराया टैरिफ बड़े चिंता की बात

है। उपभोक्ताओं को काफ ी परेशानी और आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि हवाई कंपनियों द्वारा की इस प्रकार से खुली लूट की जा रही है। पारवानी ने कहा कि हवाई कंपनियों द्वारा हवाई टिकट की कीमतें वसूलने के माडल की जांच करना आवश्यक है। ये कंपनियां किसी भी हवाई यात्रा के लिए पहले एक कीमत तय करती हैं, लेकिन जैसे-जैसे हवाई यात्रा की मांग बढ़ती है, कीमतें बिना किसी तथ्य के कई गुना और मनमाने ढंग से बढ़ा दी जाती हैं। कई मौकों पर तो यह बढ़ोतरी पांच/छह गुना या उससे भी अधिक होती है। कैट का कहना है कि किराये की निगरानी के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) जिम्मेदार है। यह उन एयरलाइनों को निर्देश जारी कर सकता है जो अत्यधिक या हिंसक कीमतें वसूलती हैं या अल्पाधिकारवादी प्रथाओं में संलग्न हैं। डीजीसीए के निरीक्षण के कारण, एयरलाइंस अधिक शुल्क लेती हैं, जिससे हवाई किराए में वृद्धि होती है।

राजधानी में दिन में निगम और रात में ट्रैफिक पुलिस का एक्शन जारी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में नगर निगम और पुलिस प्रशासन सुबह से शाम तक लगातार अवैध कब्जों पर कार्रवाई कर रहा है। वहीं रात में ट्रैफि क पुलिस भी सड़क जाम करने वाले लोगों को चेतावनी दे रही है। शुक्रवार को मालवीय रोड में एक दुकानदार ने गली में सामान लगाकर रखा था। जिसे रायपुर सिटी एएसपी ने जमकर फटकार लगाई। दरअसल, शहर की मुख्य सड़कों पर लगने वाले जाम की वजह से लोग परेशान रहते हैं। इस समस्या को खत्म करने के लिए पुलिस की तरफ से अभियान चलाया जा रहा है। 8 दिसंबर को देर शाम रायपुर सिटी एएसपी लखन पटले, ट्रैफि क एएसपी सचिंद्र चौबे समेत गोलबाजार थाना टीम और ट्रैफिक

के जवान सड़कों पर उतरे। पुलिस ने एमजी रोड, मौदहापारा, गोलबाजार क्षेत्र के मुख्य सड़कों में स्थित दुकानदारों को अवैध तरीके से सामान बाहर फैलाकर न रखने की चेतावनी दी। जिससे आम लोगों को सुविधा हो। जब पुलिस की टीम मालवीय रोड पहुंची, तो वहां अंडर ग्राउंड पार्किंग के सामने एक कपड़े बेचने वाले की दुकान दिखी। सकरी गली में वो अपना सामान फैलाकर दुकान चला रहा था। रायपुर एएसपी लखन पटले यह नजारा देख नाराज हो गए। उन्होंने कब्जाधारी को फटकार लगाते हुए कहा कि यदि किसी महिला को ये गली पार करनी होगी। तो वह कैसे संभव हो पाएगा। यहां तो बिल्कुल जगह नहीं बची है। इन बिखरे सामानों की वजह से पूरी गली ही गायब हो गई है। उन्होंने तुरंत दुकानदार को सामान हटाने के निर्देश दिए।

बुलडोजर के जरिए फुटकर व्यापारियों को डरा रही प्रशासन : बीरेन्द्र पांडेय

रायपुर/नवप्रदेश। पथ विक्रेता कानून 2014 का उलंघन करते हुए प्रदेश में बुलडोजर प्रशासन शहरी गरीब मजदूरों पर कहर ढहाया जा रहा है तथा पथ विक्रेताओ को उनके एक मात्र आजीविका छीनकर बुलडोजर के सामने असहाय कर दिया जो एक गैर मानवीय और अलोकतांत्रिक कार्यवाही है। शहर की भौगोलिक क्षेत्र और जनसंख्या का घनत्व बढ़ते रहने के साथ शहरी अर्थव्यवस्था भी बढ़ती है, जिसमे पथ विक्रेताओ की अहम् भूमिका और असिमित योगदान है। पथ विक्रेता शहर का अलंकार है, जहां दिनों दिन ग्रामीण भौगोलिक क्षेत्र शहर में तब्दील होती जा रही है और शहर की जनसँख्या भी तेजी से बढ़ रही है, शहरी ग्राहकों को आवश्यक सेवा पहुँचाने एवं उनकी जरूरतों की पूर्ति करने के लिए ठेले खोमचे की संख्या में भी वृद्धि होगी। जिसकी सुव्यवस्थित एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ नियंत्रित करना शहरी शासन व प्रशासन की जिम्मेदारी है, पिछले 04 दिसम्बर 2023 से लगातार यातायात बाधित एवं बाधारहित पथ व्यवस्था बनाने की मिशन लेकर अभियान के नाम पर पथ विक्रेताओ के दिलो दिमाग में डर पैदा करने की साजिश है और यह एक अलोकतांत्रिक प्रशासनिक प्रक्रिया है।

नगरीय सुशासन के एक अहम भूमिका है कि नागरिक भयमुक्त भूख मुक्त हो कर संविधान की संरक्षण में जीवनयापन करें। एक सरकार गई और एक सरकार आई और नई सरकार ने अभी तक शपथ भी नहीं लिया है, इस बिच शहरो के ठेले खोमचो पर प्रशासनिक

संरक्षण में ताबड़तोड़ विस्थापन के पीछे क्या प्रशासनिक जवाबदारी रही इसका खुलासा भी होना चाहिए। शहर के व्यस्ततम पथ से ठेला खोमचो को नीति नियम के साथ भी यह सफाई कार्य किया जा सकता था तथा अपेक्षा करते है की पथ विक्रेताओं का पुनर्वास भी मानवीय एवं आर्थिक संवेदना से होना चाहिए। पथ विक्रेता कानून 2014, यूपीए में बना हुआ कानून है जिस पर भाजपा काल में इसका क्रियान्वयन नहीं हुआ तथा राज्य में कॉग्रेस काल में भी सर्वे, सर्टिफिकेट वितरण, व्यवहारिक रूप से पथ विक्रेताओं का वेंडिंग करने का वातावरण नहीं बनाया गया एवं वेंडिंग जोन भी नहीं बनाया गया। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में सामाजिक कार्यकर्ता बीरेन्द्र पाण्डेय गौतम बंदोपाध्याय एवं पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष अशोक सिंह एवं जयेन्द्र झा ने दी।

क्यों जरूरी है सुबह का नास्ता

डॉ सोनल कालरा

क्या आपको पता है ! सुबह के नास्ते को ब्रेक फास्ट क्यों कहा जाता है?

इसका मतलब है उपवास तोड़ना क्यों कि हमारा आखिरी आहार रात्रि भोजन के 8- 10 घंटो बाद हम सुबह अपने दिन की शुरुआत नास्ते से करते है 7 यही नाश्ता हमारी संपूर्ण दिनचर्या का महत्वपूर्ण आहार होता है 7 जो हमारी दिनभर की कार्य क्षमता को नियंत्रित करता है 7 लेकिन हम जाने अंजाने इस महत्वपूर्ण आहार को अनदेखा करते है विशेष कर महिलाएं, सुबह से ही अपने कामकाज मे व्यस्त होने की बाद,अपने हेल्थ का ध्यान न रखते हुए दिनचर्या मे व्यस्त हो जाती है, बिना रुके बिना कुछ खाये सुबह के 4- 5 घंटे यू ही बीत जाते है 7 पर आपने कभी सोचा है यह आपकी हेल्थ के लिए कितना नुकसान दायक हो सकता है?

अगर हम लगातार नास्ता अवॉइड कर रहे है तो ब्लड सुगर लेवल अचानक से कम हो सकता है, इसके अलावा मूड स्विंग्स, कमजोरी, थकान ये सब लक्षण देखे जा सकते है 7 इसलिए यह आवश्यक है की दिन की शुरुअत पौष्टिक आहार से की जाए, सर्वप्रथम

नाश्ता सही समय पर अर्थात सुबह 8-9 बजे की बीच होना आवश्यक है

नास्ते मे सभी आवश्यक तत्व सही मात्रा मे हो अर्थात संतुलित हो ज्यादातर प्रोटीन से युक्त आहार जैसे ओट्स, अंडा, अंकुरित अनाज, मिलेट,दूध, दही, सूखे मेवे आदि

इसके अलावा कार्बोहाइड्रेट की भी पर्याप्त मात्रा होना अति आवश्यक है जैसे पोहा, उपमा, इडली, दलिया, चिला आदि

अच्छे विकल्प हो सकते है

मौसम के अनुसार फल का सेवन जरूरी है

सर्दी के मौसम मे मूंगफली की चिक्की, गोंद के लड्डू, मेथी के लड्डू, बादाम का हलवा, तिल पापड़ी, मिक्सआटा लड्डू, आदि ले सकते है इन चीजों को आसानी से ऑफिस ले जाया जा सकता है 7

कुछ चीज़े जो हमे अवॉइड करनी चाहिए जैसे तले हुए

खाद्य पदार्थ - समोसा, कचोरी, भुजिया, अधिक नामक, शक्कर, अधिक बार चाय, आदि

यदि आप चाय की जगह ग्रीन टी या

फ्रूट जूस, ले तो बेहतर होगा

सुबह का प्रारंभ योग, मेडिटेशन से करे,

इस प्रकार थोड़े से प्रयास और नियमित दिन चर्या द्वारा अपनी कार्य क्षमता, एवम सकरात्मक ऊर्जा को बढ़ाया जा सकता है।

सीतल छइहाँ बन जा

रोशन साहू

बने बिचार उही कहावय ,जउन ल सबो बिचार करय।
बने बिचार जग पूजा पावय,गिनहा जम्मों बरस बरय।।
एक ले अनेक सिरजगे, मन पबरित सिरजनहार के।।
बने बिचार के माथा उँचहा,सरग ले झर-झर फूल झरय ।।
कतको बिपत आवय भगावय,सुम्मत ले सबो दुख टरय ।
दिन बादर ले आवँय जावँय,झाँझ ले झन पाना झरय।।
आँखी के तारा राजदुलारा,बन-बन भटके मा बनगे ।
तोला मासा बिरथा साँसा,परन उहि नइ टारय टरय।।
अइसनो रुखराई जग मा,करले जतन नइ फूलय फरय।
सीतल छइहाँ बन जा तँय,आगी भोंभरा कतको जरय ।।
बोले भर म कुछू नइ होवय,ये जग कखरो कब सुनथे।
उवत सुरुज जगमग दिखय,अमर उही जे करम करय।।

10 दिसम्बर मानवाधिकार दिवस पर विशेष

"सिद्ध करनी होगी मानवाधिकार दिवस की सार्थकता"

रमेश सर्राफ

मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्त्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता।

कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है। क्योंकि मानवाधिकारो से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं। मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राज नेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 73 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं। जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर 2023 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 75वीं वर्षगांठ भी है। इसीलिए इस बार 2023 में मानवाधिकार दिवस की थीम सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय है।

इतिहास गवाह है की भारत ने कभी भी संस्कृति, धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी, आजादी, बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोडने वाले को अदालत सजा भी देती है। भारत में 28 सितम्बर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14,15,16,17,19,20,21,23, 24,39,43,45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं। देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा, तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी अंतर्भूक्त है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल है कि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है।

इस दुनिया में जो भी मानव जन्म लेता है उसके साथ उसके कुछ अधिकार भी वजूद में आते हैं। कुछ अधिकार हमें परिवार देता है तो कुछ समाज, कुछ अधिकार हमारा मुल्क देता है, तो कुछ दुनिया। लेकिन आज भी दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो या तो अपने अधिकारों से अंजान है या उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कभी जात के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर, कभी लिंग भेदभाव के जरिए तो कभी रंग भेद नीति को अपनाकर लोगों के इन अधिकारों को कुचला जा रहा है। हर तबके, हर शहर और दुनिया के कोने-कोने में किसी न किसी वजह से लोगों को बराबरी के हक से महरूम रखने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इतिहास गवाह है कि दुनिया में हुई बड़ी से बड़ी क्रांति के पीछे अधिकारों का हनन ही अहम वजह रही है। हमेशा ही अपने अधिकारों के लिए इंसान को लंबी जंग लडनी पड़ी है। दुनिया में तमाम जगह लोगों ने अपन हक की लड़ाई में लाखों कुर्बानियां दी हैं और आज भी बहुत से लोग अपने अधिकारों की जंग लड़ रहे हैं।

पूरी दुनिया में मानवता के खिलाफ हो रहे जुल्मों-सितम को रोकने, उसके खिलाफ संघर्ष को नई परवाज देने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर शख्स को बराबरी का अधिकार देना लोकतंत्र का अहम घटक है। यही वजह है कि आज ज्यादातर सरकार इस अधिकार को कायम करने की कोशिश कर रही है।

नोबेल पुरस्कार वितरण समारोह पर विशेष

नोबेल पुरस्कारों का 122 वर्ष का सफरनामा

योगेश कुमार गोयल

स्वीडन के जाने-माने वैज्ञानिक एल्फ्रेड नोबेल की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष 10 दिसम्बर को स्टॉकहोम (स्वीडन) में आयोजित एक भव्य समारोह में नोबेल फाउंडेशन द्वारा कुछ महान् हस्तियों को दुनिया का सर्वोच्च सम्मान 'नोबेल पुरस्कार' प्रदान किया जाता है। प्रतिवर्ष यह पुरस्कार विश्व शांति, चिकित्सा शास्त्र, अर्थशास्त्र, साहित्य, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है। विजेताओं के नामों की घोषणा करीब दो माह पूर्व अक्तूबर माह में ही कर दी जाती है। वर्ष 2023 में नोबेल पुरस्कार छह अलग-अलग श्रेणियों में कुल 11 व्यक्तियों तथा संगठनों को दिए गए हैं। इस वर्ष दुनिया की जिन महान् हस्तियों को नोबेल पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं, उनमें शांति का नोबेल पुरस्कार महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने वाली पत्रकार और ईरानी कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ उनकी अथक लड़ाई और मानवाधिकारों एवं स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया है। साहित्य में 2023 का नोबेल नॉर्वेजियन लेखक जॉन फॉसे को उनके नवोन्मेषी नाटकों और गद्य के लिए दिया गया, जिनमें उन्होंने नाटकों, उपन्यासों, कविता, निबंधों, बच्चों की किताबों और अनुवादों सहित विविध शैलियों में अनकहे को आवाज दी।

2023 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार महिला श्रम शक्ति भागीदारी पर उल्लेखनीय कार्यों के लिए हार्वर्ड प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को दिया गया है। क्लाउडिया ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार भागीदारी का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया। चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से हंगरी के सागन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कैटालिन कारिको और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर ड्रू वीसमैन को एमआरएनए (मैसेंजर राइबोन्यूक्लिक एसिड) तकनीक में उनके अग्रणी कार्य के लिए दिया गया, जो कोविड-19 वैक्सीन विकास में सहायक है। भौतिकी का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से तीन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एलश्हुलियर को दिया गया है। रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार क्वांटम डॉट्स के अभूतपूर्व आविष्कार और संश्लेषण के लिए संयुक्त रूप से मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के मौंगी जी बावेंडी, कोलंबिया विश्वविद्यालय के लुईस ई ब्रूस तथा नैनोक्रिस्टल टैक्नोलॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई एकिमोव को दिया गया है। नोबेल पुरस्कारों को लेकर यह जानना बहुत दिलचस्प है कि इन पुरस्कारों को दुनिया का सर्वोच्च सम्मान क्यों माना जाता है। दरअसल इस पुरस्कार में इस वर्ष यानी 2023 में नोबेल पुरस्कार विजेताओं को 10 मिलियन स्वीडिश क्राउन राशि दी जाएगी, जो भारतीय मुद्रा में करीब 7.52 करोड़ रुपये होगी। यह राशि विश्वभर में किसी भी कार्य के लिए दिए जाने अन्य पुरस्कारों की राशि से बहुत अधिक है। यदि किसी एक क्षेत्र में एक से अधिक विजेता होते हैं तो उस क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार की राशि विजेताओं में नियमानुसार बांट दी जाती है। इस पुरस्कार राशि के अलावा प्रत्येक विजेता को करीब 6 सेंटीमीटर व्यास का 200 ग्राम वजनी 23 कैरेट सोने का पदक भी दिया जाता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1878 भारत के अंतिम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म हुआ। 1998 में 10 दिसंबर के दिन ही अमर्त्य सेन को स्टॉकहोम में इकोनॉमिक्स के लिए 1998 का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। 1994 में आज ही के दिन यासिर अराफात, वित्जाक राबिन एवं शिमोन पेरेज संयुक्त रूप से नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित हुए थे। 1992 में 10 दिसंबर के दिन ही गुजरात में देश की पहली होवरक्राफ्ट सेवा शुरू हुई थी। 1991 में आज ही के दिन कजाखस्तान ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 1963 में 10 दिसंबर के दिन ही अफ्रीकी देश जंजीबार ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की थी। 1961 में आज ही के दिन सोवियत संघ और अल्बानिया के बीच राजनयिक संबंध खत्म हुए थे। 1960 में 10 दिसंबर के दिन ही नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रतिबंधित अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के नेता अल्बर्ट लूथली ने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद खत्म करने की अपील की थी। 1947 में आज ही के दिन सोवियत संघ और चेकोस्लोवाकिया के बीच व्यापार समझौते पर साइन हुए थे।

QUIZ TIME

1) किस वेब सीरीज को 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज का पुरस्कार मिला?

2) भारतीय संविधान सभा में महिला सदस्यों की कुल संख्या कितनी थी?

3) किस राज्य को अत्यधिक कुपोषण के कारण भारत का इथोपिया कहा जाता है?

4) हिन्दुस्तान मजदूर सभा की स्थापना किसने की?

5) पॉल लिंच को हाल ही में कौन-सा पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पंचायत (2) 15 (3) मध्यप्रदेश (4) सरदार वल्लभ भाई पटेल (5) 2023 बुकर पुरस्कार

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:08, सूर्यास्त : 05:29, चन्द्रोदय : 28:11, चन्द्रास्त : 14:36, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : स्वाती, योग : अतिगण्ड, प्रथम करण : कौलव (18:57 तक), द्वितीय करण : तैतिल (पूर्ण रात्रि)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : तुला, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:48 से 12:30, अमृत काल : 26:37 से 28:18, द्विपुष्कर योग : 07:01 से 10:43, सर्वार्थसिद्धि योग : 10:43 से 31:02, विजय मुहूर्त : 13:52 से 14:33, गोधूलि मुहूर्त : 17:14 से 17:42, सायाह्न सन्ध्या : 17:17 से 18:39, निशिता मुहूर्त : 23:42 से 24:37, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूव, यमगण्ड : 13:26 से 14:43, दुर्मुहूर्त : 07:01 से 07:42, होमाहुति : राहु।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप लक्ष्य बनाकर कार्य करें अन्यथा मूल उद्देश्य से भटक सकते है दिन लाभदायी है इसका सदउपयोग करें।

वृषः आपके लिए आज का दिन लाभदायी तो रहेगा परन्तु लाभ कमाने के चक्कर मे आज शरीर की अनदेखी करना आगे भारी पड़ सकता है।

मिथुनः आज का दिन सामान्य ही रहेगा फिर भी अतिआत्मविश्वास की भावना हानि करा सकती है इसका ध्यान रखे।

कर्कः आज के दिन का अधिकांश भाग भी आपके लिए कलहकारी रहेगा। आर्थिक स्थिति भी गड़बड़ाने से क्रोध अधिक आएगा।

सिंहः आज के दिन आप बड़ी-बड़ी योजनाए बनाएंगे लेकिन इनको साकार रूप देने में असफल रहेंगे।

कन्याः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्य क्षेत्र पर लाभ के कई अवसर मिलेंगे परन्तु अन्य कामो में उलझने के कारण इनमे से कुछ एक ही हाथ लग पाएंगे।

तुलाः आज के दिन आप किसी इच्छा पूर्ति को लेकर जिद पर अडंगे जिससे परिवार का वातावरण कुछ समय के लिए अशांत बनेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आपकी किसी मनोकामना पूर्ति की उम्मीद टूटने से मन दुखी रहेगा।

धनुः आपका आज का दिन मिलाजुला रहेगा दिन का आरंभिक भाग शुभ समाचारो की प्राप्ति कराएगा मध्यान के समय व्यावसायिक अथवा अन्य कार्यो में व्यस्त रहेंगे।

मकरः आज का दिन आपको अधिकांश कार्यो में सफलता दिलाएगा।

कुंभः आज के दिन परिस्थिति मे सुधार आपके व्यवहार के ऊपर निर्भर करेगा बात बात पर खींज निकालने से पारिवारिक माहौल गर्म रहेगा।

मीनः आज के दिन कुछ प्रतिकूल परिस्थितियां बनेगी लेकिन धार्मिक प्रवृत्ति एवं पूर्व संचित पुण्य इससे बाहर निकालने में।सहायता करेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -268

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदमारा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 267 का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
वा	■	त	म	न्ना	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	वा	र

न्यूज गैलरी

भिलाई की बेटी की ससुराल में संदिग्ध मौत

भिलाई। मृतक सौम्या सलूजा का मायका वैशालीनगर है। बसना में हुई संदिग्ध मौत। 8 दिसंबर की सुबह मिली परिजनों को मिली मौत की खबर। सौम्या के भाई गौरव वर्मा ने बसना में दर्ज कराई केस। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने मृतक सौम्या के पति गौरव सलूजा, ससुर रंजीत सलूजा और सास संगीता सलूजा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। अभी तक पुलिस सुसाइड मानकर कर रही जांच है। लेकिन मायके पक्ष का आरोप. सौम्या की हत्या हुई, बेटे ने भी देखा। एफआईआर में ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। सुबह से शाम तक दर्ज नहीं हो रही थी एफआईआर। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के हस्तक्षेप के बाद प्रताड़ना का केस दर्ज हुआ। शव को मायके वाले भिलाई लेकर पहुंचे। परिजनों ने कहा गौरव सलूजा का अवैध संबंध था, दहेज की डिमांड भी करता था, कई बार लाखों रुपए बैंक से ट्रांजेक्शन किए थे। मायके वालों ने यह भी कहा बेटी फोन पर बताती थी अपनी पीड़ा, पति, सास और ससुर करते थे प्रताड़ित। मरने से पहले सौम्या ने वाट्सएप स्टेटस पर मां, पापा और परिजनों को कहा सॉरी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पति समेत 3 को हिरासत में लिया।

बीएसपी कर रही है सख्त कार्रवाई

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के इंफोर्समेंट विभाग द्वारा, ट्रैफिक पुलिस व प्रषासन के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा को लेकर दुर्घटना से बचाव हेतु सड़क किनारे अवैध रूप से लगे ठेले, गुमठी, खोमचे, कुल्फी वालों, नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध आज 09 दिसम्बर 2023 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत भिलाई टाउनशिप के मुख्य मार्गों, सेंट्रल एवेन्यू, सुपेला, अंडर ब्रिज चैक तथा मौर्या टॉकीज, पावर हाउस चैक में कई अवैध दुकानों व ठेले, खोमचों को हटाया गया। पुलिस तथा प्रशासन के सहयोग से यातायात में बाधक बन रहे लगभग 65-70 ठेला, खोमचा तथा अस्थाई रूप से टेंट नुमा दुकानों सहित अतिक्रमणकारियों पर बड़ी कार्यवाही की गयी। इस बड़ी कार्यवाही में ठेला खोमचा को हटाने के साथ ही अवैध सरंचनाओ को जेसीबी द्वारा तोड़ा गया। कार्यवाही का विरोध कर रहे कुछ व्यवसायियों के ठेले एवं सामानों को भी जप्त किया गया।

आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई

दुर्ग। जिला आबकारी विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जांच के दौरान जिले के मुख्य मार्गों एवं जिले से लगे हुए जिलों/राज्यों से लगी सड़कों एवं मार्गों के आस.पास अव्यवस्थित होटल.ढाबों में शराब के अवैध संग्रहण एवं अवैध विक्रय की जांच की कार्यवाही की गई। सहायक आयुक्त आबकारी श्री राजेश जायसवाल से प्राप्त जानकारी अनुसार जांच में गब्बर ढाबा, अललजीज ढाबा, अमन ढाबा, अपना ढाबा, अर्जुन दा ढाबा, क्रॉस रोड होटल, मिश्रा ढाबा, छत्तीसगढ़ ढाबा एवं अन्य होटल ढाबों की सघन जांच की कार्यवाही की गई। सभी होटल ढाबा मालिकों को होटल ढाबा परिसर में मदिरा पान नहीं करवाये जाने तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्तता ना होने संबंधी सख्त निर्देश दिए गए। अभियान में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अशोक अग्रवाल, पंकज कुजुर, आबकारी उपनिरीक्षक हरिश पटेल, मुख्य आ. संतोष दुबे, भोजराम रत्नाकर, फागूराम टण्डन, आरक्षक लोकनाथ इंदौरिया, अशोक वर्मा एवं वाहन चालक दीपक राजू का सहयोग रहा।

शिक्षा व व्यवहारिक ज्ञान का दिया परिचय

भिलाई। भारतीय कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने सिलोदा ग्राम में ग्राम वासियों एवं कृषक परिवारों में अपनी शिक्षा और व्यावहारिक ज्ञान का दीया परिचय। आपने ज्ञान को विस्तृत करते हुए ग्राम वासियों को अनेकों प्रकार के जैविक खाद व कीटनाशक जैसे जीवमृत, नीमस्त्र, बीजामृत, केचुआ खाद आदि बनाने की सरल विधियों से अवगत कराया। पुनर्चक्रण योग्य अपशिष्ट एवं आसानी से उपलब्ध वस्तुओं का उपयोग कर पर्यावरण को स्वच्छ रखते हुए व्यय कम करने के उपाय भी दिए। उन्हें उन्नतशील होते हुए जैविक खेती को महत्व देने के लिए भी प्रेरित किया। अपने ज्ञान और शिक्षा का कुशल उपयोग करने उनके प्राचार्य डॉ. एके दुबे एवं समस्त शिक्षक गण ने उन्हें बधाई प्रेषित की।

सुबह-सुबह भिलाई में हादसा दो घरों के बुझ गए चिराग

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। शनिवार तड़के सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों शवों को सेक्टर 9 हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार 9 दिसंबर की सुबह 7 बजे सेक्टर 8 चौक के पास सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय अविनाश वर्मा और 16 वर्षीय अवियंश की मौत हो गई। दोनों युवक काफी तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। अविनाश की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वो डिवाइडर से जा टकराया। दोनों के सिर में गहरी चोट आई। आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना भिलाई नगर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। डायल 112 की मदद से उन्हें सेक्टर 9 अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर परिजन भी पहुंच गए। शवों का पोस्टमार्टम लाल बहादुर शास्त्री सुपेला अस्पताल में कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। अविनाश कैलाश नगर श्रीराम हाईट्स निवासी संतोष वर्मा का एकलौता बेटा था। उसके अलावा अब उसकी एक बहन है। संतोष वर्मा रायपुर निक्को कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

वहीं अवियंश राउरकेला बिहार का रहने वाला है। उसके पिता नहीं है। उसकी मां इधर उधर काम करके अपने एकलौते बेटे को पाल रही थी। वो बेटे के साथ दो दिन पहले ही भिलाई शादी कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। अविनाश बैंगलोर में एक आईटी कंपनी में जॉब करता था। उसने वहीं से बीई किया और फिर कैंपस सेलेक्शन के बाद पिछले ढाई साल से जॉब कर रहा था। दीपावली में वो लंबी छुट्टी पर घर आया था। उसे 4 जनवरी को वापस बैंगलोर जाना था। इस दौरान रिश्तेदारी में शादी होने से वो मेहमानों के साथ व्यस्त हो गया था।

पुलिस ने बताया कि अविनाश और अरिहंत सहित 6 लड़के शनिवार सुबह 5 बजे सिविक सेंटर चाय पीने के लिए गए थे। ये लोग तीन अलग.अलग बाइक में थे। टाउनशिप में पहुंचने के बाद उन लोगों ने तीनों बाइक से सेंट्रल एवेन्यू सड़क में बाइक की रेसिंग की। ठंड व कोहरा होने से अविनाश समझ नहीं पाया और उसकी बाइक सेक्टर 8 चौक के पास डिवाइडर से टकरा गई।

विधायक रिकेश सेन हुए भुगतान समस्या से अवगत

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। नवनिर्वाचित विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन से भिलाई नगर निगम के ठेकेदारों ने मुलाकात कर चुनाव में उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी। इसके पश्चात एक औपचारिक चर्चा के दौरान निगम भिलाई के ठेकेदारों ने लंबित भुगतान सहित अन्य समस्याओं के संबंध में भी विधायक का ध्यान आकृष्ट किया। उनसे वर्ष 2017.18 से निगम से रुका भुगतान न दिए जाने से हो रही परेशानियों को भी ठेकेदारों ने बताया और निगम में लंबित उनके भुगतान हेतु आवश्यक पहल का अनुरोध किया। इस अवसर पर राजेंद्र पाटनी अध्यक्ष, प्रमोद पांडेय सचिव, शिवाकांत सेंगर, बद्री प्रसाद, प्रहलाद, सुनील शर्मा, राम साहू, गौरव, विकास साहू, परविंदर रंधावा, रविंद्र गेडाम, पंकज तिवारी, जुनैब आदि ठेकेदार मौजूद रहे। विधायक सेन ने ठेकेदारों को कहा कि वे सभी लोग कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान दें और कार्य समय अवधि में पूर्ण करें। रुकी हुई राशि का भुगतान ऊपर चर्चा करके अतिशीघ्र चर्चा कर इस समस्या के निराकरण का प्रयास वो अवश्य करेंगे।

ड्रंकन ड्राइविंग पर भिलाई पुलिस सख्त,कार्रवाई तेज

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग के निर्देशानुसार एवं उपपुलिस अधीक्षक यातायात, सतीष ठाकुर, सदानंद विंधराज के नेतृत्व में सड़क दुर्घटना के मुख्य कारण शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध अभियान चलाकर दुर्ग भिलाई के विभिन्न मार्गो में कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से देर रात तक कुम्हारी टोल प्लाजा, सिरसा गेट, मुर्गा चौक, गदा चौक, सूर्यामॉल चौक, सिविक सेन्टर भिलाई, पुलगांव चौक, पटेल चौक, गुरूद्वारा चौक नेहरू नगर में चेकिंग पाइंट लगाकर शराब के नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालको को एल्कोमीटर के द्वारा चेक किया गया। जिसमें विगत 3 दिनो में कुल.22 वाहन चालको द्वारा शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाये जाने से वाहन जप्त कर संबंधित थाने में सुरक्षार्थ रखा गया एवं वाहन चालकों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिस पर न्यायालय द्वारा प्रत्येक प्रकरण पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 10 हजार अर्थदण्ड वसूल किया गया। अभियान कार्यवाही करते हुए इस वर्ष कुल 245 वाहन चालको के उपर कार्यवाही की गई है।

अवैध कब्जों पर चौथे दिन भी चला बुलडोजर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम द्वारा शहर क्षेत्र में आवागमन को व्यवस्थित बनाने सड़क किनारे और चौक चौराहों पर अतिक्रमण कर कारोबार करने वालों को हटाने का सिलसिला चौथा दिन भी जारी रहा।बता दे कि आज उतई चौक से लेकर पटेल चौक जिला अस्पताल के सामने एवं नया बस स्टैंड सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण कर रखे गए ठेलों को हटाया गया। वहीं मुख्य मार्गों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कुछ लोगों को कब्जा हटाने के लिए चेतावनी देते हुए मोहलत दी गई है। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के नेतृत्व में शहरी व्यवस्था को सुधारने प्रशासन का बेदखली अभियान जारी रहा।

निगम की अतिक्रमण दस्ता विरोधी टीम ने पटेल चौक, तहसील कार्यलय क्षेत्र जिला चिकित्सालय के सामने और नयाबस स्टैंड तक अतिक्रमण कर अवैध संचालित ठेलों को हटाने की प्रभावी कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में मुख्य मार्ग के दोनों ओर समेत कई जगहों पर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। आयुक्त द्वारा दुकानदारों को समझाइश के साथ चेतावनी भी दी। निगम की टीम द्वारा भी दुकानदारों को बार.बार समझाइश दी जा रही है कि सड़कों पर अतिक्रमण न करें। वरना कार्रवाई होगी।

शिरोमणि पुरस्कार

भिलाई। इस्पात संयंत्र में शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के तहत यूनिवर्सल रेल मिल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में यूनिवर्सल रेल मिल के प्रबंधक रोहित चैधरी को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया तथा ओसीटी एमवी राव, एसीटी अमृत टोप्पो तथा ओसीटी धर्मेंद्र सिंह को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कृत कार्मिक ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरस्कार से उनका मनोबल बढ़ा है एवं उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। संचालन सहायक महाप. नरेन्द्र इंगले ने किया।

कला प्रदर्शनी का उद्घाटन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। ललित कला अकादमी का रीजनल सेन्टर भिलाई में खोले जाने को लेकर समर्पित राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की समूह प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रख्यात फिल्म निर्देशक अनुराग बसु ने किया। महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर के आडिटोरियम मे इस दौरान इस्पात संयंत्र के ईडी प्रोजेक्ट एसके मुखोपाध्याय, ईडी पर्सनल पवन कुमार के साथ ही कला साहित्य नास्टेल्जिया 80 संस्था के पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या मे दर्शक उपस्थित थे। यह प्रदर्शनी प्रतिदिन निशुल्क दोपहर 12 से रात 8 बजे तक 10 दिसंबर रविवार तक खुली रहेगी। चित्रकला और मूर्तिकला प्रदर्शनी का उद्घाटन अनुराग बसु ने विधीवत दीप प्रज्वलित करके किया।

गजेंद्र ने समस्याओं के निदान को लेकर दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर विधायक गजेंद्र यादव शहर को समस्या मुक्त बनाने के उद्देश्य को लेकर आज वार्ड 48 के उत्कल नगर बस्ती में जाकर आवागमन के साधनों को सरल एवं सुगम बनाने हेतु शंकर नाला पुनर्निर्माण के साथ.साथ सड़क निर्माण के लिए मंडी बोर्ड के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर मंडी बोर्ड के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आम जनमानस मातृ शक्तियों और युवा साथियों के द्वारा फूल माला पहनकर और आरती उतर कर स्वागत किया। विधायक गजेंद्र ने वार्ड में व्याप्त समस्याओं निरीक्षण के दौरान कहां की इस वार्ड की समस्याएं काफी पुरानी है और उसके निदान के लिए इस वार्ड का रहवासी तरस्ता आ रहा था चुनाव में जनसंपर्क के दौरान वार्ड वासियों ने अपनी पीड़ा रखी थी आज उनके आशीर्वाद से जीतने के पश्चात वार्ड में भ्रमण किया और मंडी बोर्ड के अधिकारियों को शंकर नाला पुलिया निर्माण के साथ.साथ सड़क निर्माण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा बीच रोड में स्थित महीने भर से बंद पड़े मोटर पंप को सही जगह शिफ्ट करने और उसे जल्द से जल्द चालू करने की आवश्यक दिशा निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया साथ ही वार्ड की हर समस्याओं को निदान को लेकर वार्ड वासियों से कभी भी किसी भी समय संपर्क करने का निवेदन किया क्योंकि ष् हम सब का एक ही सपना सुघ्घर दुर्ग हो अपना ष् नारे को सार्थक करने के लिए सबका साथ चाहिए।

अंबेडकर स्मृति में नीलध्वज झुकाया

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी के तत्वावधान में आयोजित स्वतंत्र भारत में धम्मचक्र प्रवर्तन करने वाले संविधान के प्रमुख शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर क्षेत्र के बौद्ध अनुयाई और अंबेडकरवादी जुटे।

वार्ड क्रमांक 9, शिवनगर में भारतीय बौद्ध महासभा की अध्यक्ष करूणा मेश्राम ने नील ध्वज फहराकर बाबा साहब की स्मृति में ससम्मान ध्वज आधा झुकाया गया। सुबह पंचशील बुद्ध विहार में पूजा, वंदना कर सामूहिक पंचशील ग्रहण किया गया। उपस्थित जन समुदाय ने बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

अंबेडकर आज भी बने हुए प्रासंगिक

इस अवसर पर महासभा की अध्यक्ष उपासिका करूणा मेश्राम ने बाबा साहब को याद करते हुए कहा भारत के वंचित किए गए बड़े समुदाय और शोषित समाज के अधिकार और सम्मान के लिए लड़ने वाले क्रांतिकारी सामाजिक योद्धा बाबा साहब भीमराव रामजी अंबेडकर आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं।

संविधान में इस समुदाय को प्रतिनिधित्व देकर जो महान कार्य किया गया है, उसके लिए बाबा साहब अंबेडकर युगों.युगों तक याद किए जाएंगे।

मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनषिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए विद्युत स्थापना के निवारक रखरखाव पर विशेष जोर दिया जाता है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनषिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और रखरखाव, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का रखरखाव, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 11 से 16 दिसम्बर के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। जिसमें 11 को सेक्टर-6 के कुछ हिस्से व बीएमडीसी, रसियन कॉम्पलेक्स, 12 को सेक्टर-7 के कुछ हिस्से व सेक्टर-8 में प्रातः 10.00 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

संगठन व कार्यकर्ताओं की मेहनत ने दिलाई जीत : बघेल

नव प्रदेश संवाददाता

कांग्रेस सरकार के खिलाफ जो एंटीइनकमबेंसी बनाई वही बनी भाजपा की जीत का आधार : जितेन्द्र

दुर्ग। जिला भाजपा संगठन द्वारा जिले के नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के खिलाफ निर्भीकता और निडरता के साथ पूरे साहस से मुकाबला किया। कार्यकर्ताओं ने झूठे मुकदमो और लाठीचार्ज के सामने भी नहीं झुके। अत्याचारी और भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ हर धरना, घेराव, आंदोलन, पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन में जमकर माहौल बनाया जनता के बीच में जागृति लाकर झूठे वादों और भ्रष्टाचार की पोल खोली, भाजपा के घोषणा पत्र को जनजन तक पहुंचाया। जिससे प्रभावित जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देकर सेवा का मौका दिया है। जनता का जो आशीर्वाद भाजपा को मिला है उसमें कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। अब विधायकों की ये जिम्मेदारी है कि वे जनता भावनाओं और कार्यकर्ताओं की मेहनत का सम्मान करते हुए एक अच्छे जनप्रतिनिधि के तौर पर विकास में अपना योगदान दे। जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल और सह प्रभारी चेमन देशमुख ने कहा कि जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा और बृजेश बिचपुरिया के नेतृत्व में विगत डेढ़ वर्षो में कार्यकर्ताओं ने अपनी जीवंत भूमिका निभाई और पार्टी के हर कार्यक्रम और आंदोलन में जान फूंक दी। जिसका सुपरिणाम है कि आज 5 में से 4 सीटों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय हुई है। कार्यकर्ताओं की मेहनत से जनता का विश्वास हासिल हुआ है ए इसे आगे कायम रखना विधायकों की जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि उनके जिला अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संगठन में जमकर मेहनत की है। उन्होंने कांग्रेस विधायकों के निवास घेराव, शराब बिक्री के खिलाफ चक्काजाम, मोर आवास मोर अधिकार को लेकर पदयात्रा व धरना प्रदर्शन, रोजगार भत्ता को लेकर मुख्यमंत्री निवास घेरावए चलबो गौठान, खोलबो पोल अभियान, पीएससी घोटाले पर हस्ताक्षर अभियान, शराब महाघोटाला पर प्रदर्शन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सफल सभा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक सभा जैसे 50 से अधिक सफल कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी के हर अभियान और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्षों साथ साथ सभी कार्यकर्ताओं ने तन मन धन से पूरा सहयोग किया।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202311100600007/अ-6(अ)/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आमजनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री देशलाल यदु पिता श्री बेदराम निवासी न्यू पुलिस लाइन 18 एकड़ राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव छ.ग. के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 137/4 रकबा 0.009 हें/ 900 वर्गफीट भूमि को अनावेदक को पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से आवेदक द्वारा विक्रय कर विक्रय दिनांक 14.02.2020 से अनावेदिका काबिज है। उक्त भूमि के खसरा नं. 137/4 रकबा 0.003 हे. त्रुटिवश दर्ज है जो कि वर्तमान में ऑनलाईन राजस्व अभिलेख दुरुस्त नहीं हुआ है। उक्त त्रुटि को सुधार कर रकबा 0.009 हे. दर्ज करने हेतु आवश्यक दस्तावेज पंजीकृत बैनामा की प्रति बी-1, नक्शा, खसरा एवं ऋण पुस्तिका की प्रति, आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका की कापी के साथ अभिलेख सुधार हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 15.12.2023 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 5104901122023042

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी पुखराज जैन पिता/पति चैनमल जैन पता म.न. 2399 बाजार चौक वार्ड नं. 14 भिलाई 03 चरौदा तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. बहे मु. आम मेसर्स मध्यानी बिल्डर्स भागीदारी देवेन्द्र मध्यानी पिता/पति खेमामल मध्यानी पता कंवरनगर आमदी मंदिर सिंधी कालोनी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 391/3 (0.0116) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 5106401122023048

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी पुखराज जैन पिता/पति चैनमल जैन पता म.न. 2399 बाजार चौक वार्ड नं. 14 भिलाई 03 चरौदा तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. बहे मु. आम मेसर्स मध्यानी बिल्डर्स भागीदारी देवेन्द्र मध्यानी पिता/पति खेमामल मध्यानी पता कंवरनगर आमदी मंदिर सिंधी कालोनी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 391/3 (0.0116) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दीपक नायडू पिता/पति अनिल कुमार नायडू पता-स्ट्रीट नं. 3 आरके गार्डन के पास प्रदीप्ति नगर बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है विषयांतर्गत संबंध में लेख है कि आवेदक/ आवेदिका कमल नारायण चंद्राकर वगै. पिता स्व. शिवकुमार चंद्राकर निवासी गयानगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 158/1, 352, 362, 363, 365, 367, 368/1, 368/3, 369, 370, 376 रकबा 0.0450, 0.5430, 0.2910, 0.0400, 0.0570, 0.1010, 0.2190, 0.0450, 0.0490, 0.2020, 0.1420, 0.1010 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के आपसी सहमति के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री ऋषभ गुप्ता | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202310100400058

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री ऋषभ गुप्ता आ. श्री संजय गुप्ता निवासी कंकालिन मंदिर के पास बनियापारा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम नगपुरा प.ह.न. 03 तह. व जिला दुर्ग	1481/2	0.1012 हें 10890 वर्गफीट	फ्लाईऐश से संबंधित उत्पाद

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एवं अन्य 04 खातेदारों के नाम से कृषि भूमि खसरा नं. 350, 445/2 रकबा क्रं. 0.05 हे. एवं 0.37 हे. कुल कृषि भूमि 0.42 हे. मौजा वार्ड नं. 01 अहिवारा तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है, जिसके संबंध में संजय कुमार जैन पिता स्व. टीकम जैन निवासी ग्राम सेमरिया पोस्ट सेमरिया तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं मेरे पक्षकार के मध्य बिक्रीनामा/इकरारनामा दिनांक 18.06.2023 निष्पादित किया गया, जिसके अनुसार उपरोक्त वर्णित इकरारशुदा भूमि काा विक्रय कुल 13,30.000/- रु (अक्षरी तेरह लाख तीस हजार रुपए) में किए जाने का इकरार किया गया. जिसकी ब्याना राशि 50,000/- रु दिनाांक 18.06.2023 को प्राप्त किया गया, उक्त इकरारनामा में तय किया गया कि शेष विक्रय राशि रजिस्ट्री दिनांक जो कि दिनांक 18.06.2023 से तीन माह की समयावधि दिनांक 18.09.2023 के अंदर किया जाएगा परंतु उपरोक्त क्रेता द्वारा समयावधि दिनांक 18.09.2023 के पश्चात भी मेरे पक्षकार से संपर्क नही किया गया और न ही बचत राशि अदा करते हुए पंजीयन कार्यवाही हेतु सहयोग किया गया, जिस स्थिति में मेरा पक्षकार उपरोक्त निष्पादित इकरारनामा दिनांक 18.06.2023 से बाधित नहीं रह गया है एवं अन्य किसी भी व्यक्ति/संस्थान को अपनी भूमि का अंतरण करने हुत स्वतंत्र है। अत: इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक एवं सोसायटी को मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार से हक दावा संबंधी में कोई उजर आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर मेरे कार्यालय में संपूर्ण दस्तावेज सहित उपस्थित होकर हक दावा प्रस्तुत करे, निर्धारित समयाावधि के अवसान पश्चात की गई कोई भी आपत्ति उजर दावा अमान्य माना जावेगा तथा की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य होगा तथा मेरा पक्षकार अपने आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि का विक्रय करने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।

स्थान : दुर्ग
दिनांक : 08.12.2023

बजरंग श्रीवास्तव
अधिवक्ता जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9893440104

■ न्यूज गैलरी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 17वां राष्ट्रीय गणित सम्मेलन 30 को

भाटापारा/नवप्रदेश। खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 30 व 31 दिसंबर 23 को दो दिवसीय 17वाँ नेशनल मैथ्स कन्वेंशन÷ का आयोजन होगा। इस दौरान राष्ट्र स्तरीय विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा । यह संपूर्ण आयोजन विद्यालय के प्रबंधक अश्वनी शर्मा, सह- प्रबंधक संदीप गोयल तथा प्रधानाचार्य योगेश पोपट के मार्गदर्शन में कराया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के इतिहास में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पहला ऐसा विद्यालय होगा जहाँ पहली बार राष्ट्रीय स्तर का मैथ्स कन्वेंशन (गणित सम्मेलन) कराया जाएगा। ज्ञात हो कि गणित के इस विशाल सम्मेलन में इसरो के दस से अधिक वैज्ञानिक शामिल होंगे, जो गणित विषय पर विशेष रूप से बात-चीत करेंगे। 30 दिसम्बर 2023 को शुरू होने वाले इस इवेंट में देश के लगभग सभी राज्यों के कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के 300 से अधिक विद्यार्थी तथा उनके सलाहकार भाग लेंगे। इस दो दिवसीय नेशनल मैथ्स कन्वेंशन में लगभग 1200 से 10,000 दर्शकों के उपस्थिति की आशा जताई गई है। 30 दिसंबर 23 को सुबह 10 बजे कार्यक्रम की ओपनिंग सेरीमनी (उद्घाटन) प्रबंधक अश्विनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट के कुशल नेतृत्व में होगा। शाम को 6 से 8 बजे कल्चरल इवेंट (सांस्कृतिक कार्यक्रम) होगा जिसमें विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थी अपने-अपने राज्यों के पारंपरिक परिधानों की प्रदर्शनी करेंगे।

आईटीबीपी में मिलेट प्रदर्शनी से लोगों को किया जागरूक

■ **एक मोटे अनाज को भोजन में शामिल करने की प्रतिज्ञा दिलाई**

खरोरा/नवप्रदेश। 38वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के द्वारा वाहिनीं मुख्यालय खरोरा में शनिवार 9 दिसंबर को मिलेट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में 38वीं वाहिनीं भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के पदाधिकारियों, एमिटी यूनिवर्सिटी एवं ए.ए.ए.एफ.टी. यूनिवर्सिटी के बच्चों द्वारा मोटे अनाज से बने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टाल लगाए गए। इन स्टाल के व्यंजनों को आगंतुकों द्वारा उनकी प्रशंसा की गई।

सिद्धार्थ कुमार, सेनानी, 38वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु. बल द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए मिलेट के इतिहास एवं इसकी महत्ता के बारे में बताया गया और अपने दैनिक भोजन में कम से कम एक मोटा अनाज से बने व्यंजन को शामिल करने का अनुरोध किया। ओ.पी. यादव, उप महानिरीक्षक, क्षेत्रीय मुख्यालय (बैंगलुरू), भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा, इस प्रदर्शनी का उद्घाटन, रिबन काट कर किया गया, एवं सभी को अपने दैनिक भोजन में मोटे अनाज से बने व्यंजनों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सभी उपस्थित को ''पोषक अनाज से पोषण'' प्रतिज्ञा दिलवाई गई।

इसके उपरांत डा. गजेन्द्र चन्द्राकर, सीनियर साइंटिस्ट, नोडल आफिसर फॉर मिलेट, इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, द्वारा प्रजेन्टेशन के माध्यम से मिलेट के बारे में लोगों को जागरुक किया गया। इस मिलेट प्रदर्शनी में जैक्सन थेरटिल, उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय सीमांत, भा.ति.सी.पु. बल, डॉ. एस. एम. अली, कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर, डा. सुशांत सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, डायरेक्टर रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट, एमिटी युनिवर्सिटी, डा. अमिता साख्या, असिसटेंट प्रोफेसर फूड एण्ड टेक्नॉलोजी, एमिटी युनिवर्सिटी, बी.एस.एफ, एवं अन्य पुलिस फोर्स के पदाधिकारी, प्रेस क्लब खरोरा के सदस्य, उप प्रधानाचार्य, भरत देवांगन राजकीय स्कूल खरोरा, ग्रामसभा, मुडपार, मांठ एवं तिल्दा के ग्रामप्रधान, बल पदाधिकारी एवं हिमवीर परिवार की महिलाओं एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

बच्चों को बल का हिस्सा बनने किया प्रेरित

अंत में स्कूली बच्चों के लिए हथियार प्रदर्शित किए गए एवं उन्हें भविष्य में बल का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया गया। इसी के साथ अशोक कुमार, द्वितीय कमान, 38वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा प्रदर्शनी में शामिल होने के लिए सभी अगंतुकों के प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए प्रदर्शनी का समापन किया गया।

एसएसपी ने राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की लगाई क्लास

रायपुर/नवप्रदेश। शनिवार को रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में गुंडे बदमाशों, आपराधिक तत्वों व संदिग्धों के विरुद्ध किए जा रहे कार्यवाही को लगातार जारी रखने तथा दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखने वाले सामानों व अवैध रूप से वाहन पार्किंग तथा अतिक्रमण पर की जाने वाली कार्यवाही को यातायात पुलिस व नगर निगम की टीम के साथ मिलकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ-साथ ठण्ड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए चोरी की घटनाओं के बढ़ने की संभावना के मद्देनजर रात्रि गश्त को और पुख्ता एवं मुस्तैदी पूर्वक कराने एवं बाहरी व्यक्तियों पर सतत निगाह रखने कहा गया। थानों में दर्ज लंबित प्रकरणों में आरोपियों की पतासाजी करते हुए गिरफ्तार कर प्रकरणों का जल्द से जल्द निकाल करने के निर्देश दिये गये। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को लेकर थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग कर अड्डेबाजों, असामाजिक तत्वों सहित संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करने के निर्देश देने के साथ ही वर्ष समाप्ति को ध्यान में रखते हुए थानो में दर्ज़ अधिक से अधिक लंबित अपराधों का निकाल करते हुए प्रकरणों का चालान माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही कानून व्यवस्था ड्यूटी को सयम व मुस्तैदी पूर्वक करने कहा गया।

करहीबाजार स्कूल में प्रदूषण नियंत्रण पर कार्यक्रम

भाटापारा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण सप्ताह के तहत शा. उ. मा. वि. करही बाजार में गुरुवार को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ कल्याण कुरुवंशी, स्वेता शर्मा, हेमलता परगनिहा की टीम ने कहा कि प्रदूषण की स्थिति चिंता जनक हैं जो हमारे लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से बचने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाया जाए हरियाली की मात्रा अधिक हो साथ ही साथ प्रदूषण के विभिन्न प्रकारों जैसे वायु प्रदूषण,जल प्रदूषण,ध्वनि प्रदूषण के बारे में बताते हुए उसके रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य ने भी प्रदूषण नियंत्रण पर संबोधित करते हुए कहा कि प्रदूषण को नियंत्रण नहीं किया गया या हम जागरूक नहीं हुए तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर आधारित रंगोली व पोस्टर बनाकर काफी अच्छा प्रदर्शन किया स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य ईश्वर लाल देवदास, व्याख्याता ए के राय, इंद्रजीत साहू कोर्डिनेटर , व्यावसायिक शिक्षिका (नेहा नेताम) एवं समस्त स्टाफ,स्वास्थ्य विभाग से आशा दिवाकर , शकुन बंजारे आदि उपस्थित थे।

स्कूली बच्चों ने सार्वजनिक शौचालय की स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

बेमेतरा/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस मनाया जा रहा हैं। जिसके तारतम्य में नगर पंचायत बेरला में पिछले माह 17 से 25 दिसंबर 2023 तक क्लीन टॉयलेट कैंपेन प्रारम्भ किया गया हैं।

नगर पालिका की स्वच्छता टीम द्वारा रोज निकाय के सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई की जा रही हैं। नागरिकों को जागरूक भी किया जा रहा हैं। सभी सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों का कायाकल्प सुनिश्चित करने के लिए 5 सप्ताह तक गतिविधियां चलेंगी। इसमें मूलभूत सुविधाएं देने का प्रयास भी होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष दुबे के द्वारा नागरिकों को अभियान में जुड़कर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय की सफाई एवं रखरखाव में सहयोग हेतु अपील की जा रही हैं। अभियान के दौरान स्व सहायता समूह एवं स्कूली बच्चों को शौचालय का भ्रमण भी कराया जा रहा हैं। आज कन्या शाला बेरला के बच्चों के द्वारा वार्ड क्रमांक 12 के बस स्टैंड परिसर स्थित सार्वजनिक शौचालय का भ्रमण किया गया तथा शौचालय के उपयोग, सफाई और रखरखाव हेतु जागरूक भी किया गया। अभियान के अंत में समस्त शौचालयों का ग्रेडिंग भी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा की जानी हैं।

सड़क हादसे में युवक घायल

■ **हादसों के बाद भी नहीं सुधरा ठेकेदार, विभागीय इंजीनियर और एसडीओ की मिलीभगत**

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव सड़क चौड़ीकरण में ठेकेदार की लापरवाही हद पार दी है। ऐसा लग रहा है कि किसी अधिकारी का इस पर ध्यान नहीं है और न ही किसी प्रकार की कोई कार्यवाही करने के मूड में है। कई बार इस संबंध में अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है किंतु अभी तक ठेकेदार के ऊपर शिकंजा नहीं कस पाई है। गुरुवार रात एक बाइक सवार युवक फोरलेन निर्माण के बीच रखे लोहे से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया। नियमों को ताक पर रखकर रोड चौड़ीकरण किया जा रहा है। विभागीय इंजीनियर और एसडीओ की मिलीभगत हो सकती है तभी इस ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। गुरुवार की रात 7 बजे छात्रावास के पास निर्माणाधीन सड़क में चोरहा बंजारी के युवक अपने निजी काम से डोंगरगांव आ रहे थे तभी। उनकी बाइक अचानक डिवाइडर से जा टकराई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र पहुंचाया गया। घायल हुए युवक प्रीतम चंद्रवंशी पिता बिसराम चंद्रवंशी ने बताया कि रोड में न रेडियम लगाया गया है, न सूचना बोर्ड, अंधेरे में कुछ दिखाई नहीं दिया। किसी प्रकार की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है ,इस लिए हादसे का शिकार हो गया

अनुविभागीय अधिकारी ने भी नहीं ली कोई सुध

कुछ सप्ताह पहले सड़क चौड़ीकरण में पानी के उपयोग के लिए सड़क किनारे बने नाले से पंप के माध्यम से पानी खींचा जा रहा था जिसमें अचानक करंट आ गया था। पानी की करंट आने से बहुत सारे सांप मछली और मेंढक मर गए थे गरीमत रही की कोई बड़ा दुर्घटना नहीं हुई,उसकी सूचना मौखिक रूप से इंजीनियर, एस ,डी, ओ, को भी दी गयी थी। किंतु किसी के कान में जु तक नही रेंगी। लगातार ठेकेदार को आश्रय दे रहे है। ठेकेदार की मनमानी से रोज सड़क दुर्घटना में कई लोग घायल हो रहे हैं जो कि बड़ा दुर्घटना होते-होते टल रहा है ,अगर कभी बड़ी दुर्घटना हो जाता है उसकी जिम्मेदार कौन रहेगा ठेकेदार या विभागीय इंजीनियर ।

नहीं की कोई कार्रवाई

ठेकेदार की काली करतूतों पर किसी प्रकार की कोई प्रशासनिक कार्यवाही नहीं हुई है। कार्यवाही के नाम पर खाना पूर्ति भी नहीं कर रहे। किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होने से जनता अधिकारियों के प्रति काफी आक्रोशित हैं।

विप्स का 31वां पश्चिमी क्षेत्रीय सम्मेलन एसईसीएल बिलासपुर में संपन्न

बिलासपुर/नवप्रदेश। वुमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स) का 31वां पश्चिमी क्षेत्रीय सम्मेलन एसईसीएल बिलासपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएमडी एसईसीएल डॉ प्रेम सागर मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस सुरेशा चौबे, एसईसीएल निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्या एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी जयंत कुमार खमारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उपस्थितों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी है। नवाचार एवं प्रौद्योगिकी से महिला व पुरूष वर्ग में समानता आई है, आज ऐसा कोई काम नहीं है जो महिला करने में सक्षम नहीं है। महिलाएँ एक जुनून, एक जज्बे, एक हौसले के साथ अपना कार्य सम्पादित करती है जो अत्यंत प्रशंसनीय है और समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरक है। विशिष्ट अतिथि आईपीएस सुरेशा चौबे ने महिलाओं के जज़्बे को सलाम करते हुए कहा कि आज की महिला कमजोर नहीं बल्कि सक्षम है और बड़े से बड़े काम को करने का माद्दा रखती हैं। महिलाएं आज देश के विकास में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहीं हैं एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं को पुरस्कृत किया गया एवं 4 सेशनों में विभिन्न वक्ताओं वक्ताओं द्वारा कैरियर, लीडरशिप, आदि विषयों प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में एक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गयी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

प्रधानमंत्री मोदी ग्लोबल लीडर अप्रूवल लिस्ट...

डिसअप्रूव रेटिंग मिली है। इसे खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या के बाद भारत के साथ कनाडा के कूटनीतिक मतभेद का नतीजा माना जा रहा है। वहीं, इटली की प्रधान मंत्री जियॉर्जिया मेलोनी को 52 प्रतिशत डिसअप्रूव रेटिंग मिली।

हजारों लाभार्थी वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े

प्रधानमंत्री शनिवार को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़े। इस कार्यक्रम में देश भर से हजारों विकसित भारत संकल्प यात्रा लाभार्थी वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान देश भर से दो हजार से अधिक वीबीएसवाई वैन, हजारों कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) भी जुड़े। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई। इसका मकसद है केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ सभी लाभार्थियों तक समय से पहुंच सके।

डीआरडीओ ने ओडिशा में 3 महीने तक

से 31 मई 2024 तक इनके नेस्टिंग एरिया में फिशिंग पर रोक लगा दी है। ओलिव रिडले जिन जगहों पर मौजूद हैं, उनमें धमारा, देवी और रुसिकुल्या नदी का मुहाना शामिल है। इनसे लगे तट के 20 किमी के दायरे में 7 महीने का बैन लगा है।

अब इंडोनेशिया भी देगा भारतीयों...

के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कोविड महामारी से पहले 2019 में लगभग एक करोड़ 60 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक इंडोनेशिया आए वहीं, इस साल जनवरी से अक्टूबर तक लगभग एक करोड़ विदेशी पर्यटक इंडोनेशिया पहुंचे। आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल की इसी अवधि से की जाए तो पर्यटकों की संख्या में लगभग 124 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

एनआईए की 40 से ज्यादा...

कर्नाटक में एक-एक जगह पर रेड की। जांच एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, आईएसआईएस से जुड़े एक नेटवर्क को ढूंढ निकाला है, जो भारत में आईएसआईएस की विचारधारा को फैलाने की कोशिश कर रहे थे। इस पूरे नेटवर्क को विदेश में बैठे हैंडलर्स चला रहे थे। इनका मकसद भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देना था। ये लोग भारत में आईएसआईएस विचारधारा से प्रभावित युवाओं को अपने संगठन में शामिल करते थे। इन्हें आईईडी बनाने की ट्रेनिंग दी जाती थी।

यातायात व्यवस्था को लेकर एसएसपी ने ली ट्रैफिक अफसरों की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर की यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित करने के उद्देश्य से नगर निगम रायपुर एवं रायपुर पुलिस संयुक्त रूप से लगातार प्रयासरत है और इस कार्यवाही को लगातार बनाए रखने के उद्देश से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने यातायात में पदस्थ सभी राजपत्रित अधिकारी एवं यातायात के सभी थाना प्रभारी का बैठक ली। एसएसपी ने ट्रैफिक पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में जहां पर अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है उन क्षेत्रों में निगम टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करें एवं कार्यवाही के पश्चात प्रतिदिन पेट्रोलिंग कर निगरानी रखें ताकि पुनः अतिक्रमण न हो पाए। वहीं रिंग रोड के सर्विस रोड पर खड़ी करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जाम लगने वाले स्थान पर उपस्थित रहकर लगातार यातायात का संचालन करेंगे साथ ही बारिश के समय बारिश रुकने के बाद जिन स्थानों पर जाम लगता है वहां उपस्थित रहकर यातायात संचालन करने, नियमों का उल्लंघन करने वाले जैसे नशे की हालत में वाहन चलाने , नाबालिक वाहन चालक, तीन सवारी, मॉडिफाई साइलेंसर, बिना नंबर या आड़े तिरछे नंबर प्लेट, नो पार्किंग एवं शहर के बाहर हाईवे में बिना हेलमेट - सीट बेल्ट में कार्यवाही करने का फरमान जारी किया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

■ 1. ई-निविदा नोटिस संख्या: SrDEE-G-R-OTP-23-24-14 दिनांक: 04.12.2023 कार्य: डीआरएम कॉम्प्लेक्स, रायपुर में एयर कंडीशनिंग सिस्टम के शेष कार्य का प्रावधान। निविदा मूल्य: ₹ 1,80,88,587.96, बयाना राशि: ₹ 2,40,500.00

■ 2. ई-निविदा नोटिस संख्या: SrDEE-G-R-OTP-23-24-15 दिनांक: 04.12.2023 कार्य: कोचिंग डिपो, दुर्ग में कोच रखरखाव सुविधाओं के विस्तार व विकास हेतु इलेक्ट्रिकल (जी) कार्य। निविदा मूल्य: ₹ 58,57,317.00, बयाना राशि: ₹ 1,17,200.00, निविदा जमा करना: दिनांक 04.01.2024 के 11:30 बजे तक। निविदा दस्तावेजों की अधिक जानकारी/खरीद, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया सीनियर डीईई/जी/आर कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों को देखें / डाउनलोड करें। इन निविदाओं के विरुद्ध मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G), द.पू.म.रे., रायपुर

PR/R/SR.DEE(G)/FL/191

South East Central Railway | @secrail

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज ने सुखदेव सिंह को दी श्रद्धांजलि

कवर्धा/नवप्रदेश। सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज बैनर तले कवर्धा में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज के लोगों ने श्री गोगामेड़ी को नमन किया।

समाज के लोगों ने कहा कि दिनों राजस्थान में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इससे सर्व क्षत्रिय राजपूत समाज आक्रोशित है। सनातन धर्म के रक्षक करने वाले क्षत्रिय कुल के मर्यादा दादा स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेडी को न्याय दिलाने के लिए पूरे क्षत्रिय समाज एकत्रित हुए हैं। श्री गोगामेड़ी के हत्यारे को शीघ्र मौत की सजा देने की मांग को लेकर समाज के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। न्याय नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन करने का चेतावनी दिया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने मां दुर्गा की आरती की। इस दौरान सर्व क्षत्रिय समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष ठाकुर मनमोहन सिंह, प्रदेश केंद्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर अनिल सिंह, प्रदेश सह सचिव ठाकुर राम सिंह, जिला अध्यक्ष बद्री सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (युवा) प्रदेश महासचिव रमन सिंह, ठा.छोटू सिंह, संजय सिंह, चंद्रशेखरसिंह, जय सिंह, सुरेश सिंह, अनीता सिंह, कुसुम सिंह, डाली सिंह, भुवनेश्वरी सिंह, धनेश्वरी सिंह, उदय सिंह, सोनम सिंह, अमित सिंह, राजू सिंह, गोपाल सिंह, गणेश सिंह, राजेश सिंह, राजेश्वर सिंह, अनुज सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

स्कूल में मनाया गया मानव अधिकार दिवस

बेमेतरा/नवप्रदेश। मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को मनाया जाता हैं। कल 10 तारीख़ को रविवार होने के चलते आज शनिवार को बेमेतरा के स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयए में मानव अधिकार दिवस पर प्रश्नोत्तरी, क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। विद्यालय के चारों सदन अरपाा, इन्द्रावती, महानदी एवं शिवनाथ के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महानदी सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दल का प्रतिनिधित्व अंजली पाठक, अभिनव, नोमिन साहू एवं रेणुका वर्मा ने किया। इस आयोजन की अध्यक्षताा प्राचार्या श्रीमती सुदेशा चटर्जी ने किया। निर्णायक के रुप में श्रीमती रश्मि वशिष्ट व सुश्री डालेश्वरी साहू थी। इस प्रतियोगिता के आयोजक श्रीमती निमिषा कौर व इशांत कुमार थे। इस पूरे कार्यक्रम में शाला के सभी छात्र-छात्राएं एवं सभी शिक्षकगण मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में शाला की प्राचार्या श्रीमती सुदेशा चटर्जी ने महानदी सदन के सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी।

जनता को तकलीफ ना हो इस बात का रखें ध्यान: ईश्वर साहू

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। साजा विधायक ईश्वर साहू ने विधायक बनने के बाद शुक्रवार को नगर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। वे जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे, जहाँ विधायक का मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश मेश्राम ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने पूरे कार्यालय का दौरा करते हुए सभी विभागों की जानकारी ली। आरईएस कार्यालय के सामने पहले गंदगी को लेकर नाराजगी जहर करते हुए तत्काल व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। विभाग के एसडीओ उपस्थित नहीं रहने पर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए नोटिस देने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार लाने की हिदायत देते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि कार्यशैली में बदलाव आ जाना चाहिए, जनता को कोई तकलीफ ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखें, सरकार की योजनाएं पूरी तरह लोगों तक पहुंचे। जनपद का निरीक्षण करने के बाद विधायक शासकीय अस्पताल का दौरा किए, जहां साफ सफाई को लेकर सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे स्टाफ के साथ मुलाकात करते हुए समस्त समस्याओं के बारे में जानकारी ली, अस्पताल में सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी इसके लिए सूची बनाकर देने के लिए कहा गया। विशेष रूप से सफाई को लेकर विधायक दोनों विभागों में खासी नाराजगी जाहिर की व उन्होंने दोबारा जल्द दौरा करने की बात कहते हुए कहा कि व्यवस्था में सुधार हो जाना चाहिए। इस दौरान उनके साथ लाल शौर्यजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य गोवेंद पटेल, रोहित ठाकुर, हनुमंत साहू, ज्वाला सिंह, आयुष शर्मा, घणाराम साहू, राजकुमार देशलहरा, विनोद शर्मा, जानूक राम मांडवी, लारा यादव, गोलू सोनी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में वर्चुअल जुड़े जिले के किसान

- रबी फसलों के उन्नत कृषि तकनीकों की दी जानकारी
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के महत्व के बारे में बताया

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम सभी के समवेत प्रयास से ही भारत विकसित बनेगा। हम सभी को पूरी निष्ठा और बेहतर प्रयासों से ही भारत को विकसित बनाना हैं। मजबूत इच्छाशक्ति के बलबूते कुछ भी किया जा सकता हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी का कृषकों को संबोधन का सीधा प्रसारण से कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा में ज़िले के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आये हुए कृषक वर्चुअल जुड़े। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एमडी डड़सेना उप संचालक कृषि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बेमेतरा जिला के राष्ट्रीय स्तर के मिलेनियम अवार्ड प्राप्त कृषक नेमसिंह साहू जैविक खेती के मास्टर ट्रेनर, धनेश्वर साहू एवं प्रगतिशील कृषक डॉ. खोमराम साहू तथा जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन करने वाले बजाज फायनेन्स के प्रतिनिधि रघुवेन्द्र रघुवंशी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण करने के पूर्व एवं पश्चात् प्राकृतिक खेती अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम के तहत एमडी डड़सेना एवं केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा उपस्थित कृषकों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इस दौरान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी, डॉ. लव कुमार, डॉ. तृप्ति ठाकुर एवं डॉ. अखिलेश कुमार द्वारा विभिन्न रबी फसलों के उन्नत कृषि तकनीक एवं उसकी प्राकृतिक खेती के तरीकों के बारे में संक्षिप्त जानकारी के साथ ही उपस्थित जैविक खेती के मास्टर ट्रेनर एवं प्रगतिशील कृषक ने कृषकों को अपना अनुभव भी साझा किया। कृषि विभाग द्वारा चयनित कृषकों को उनके द्वारा कराये गये मृदा परीक्षण के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड का भी वितरण किया गया एवं बजाज फायनेन्स के प्रतिनिधि द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के महत्व के बारे में बताते हुए रबी फसलों के पंजीयन की अंतिम तिथि के बारे में जानकारी प्रदान किया गया।

निगम में कमीशनखोरी का खेल बंद हो: किशुन यदु

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बयान जारी कर निगम प्रशासन को जनहितैषी कार्यों में देर न करने और गड़बड़ियों से बचने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि-अब प्रदेश में मोदी की गारंटी और भाजपा के विश्वास और विकास का मॉडल चलेगा। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विकास की गति में अड़ंगा डालने वालों पर भी अब जाहिर तौर पर बड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि-पांच सालों में कांग्रेस के पक्षपात ने राजनांदगांव शहर को उजाड़ कर दिया, लेकिन अब जनता ने जनसरोकार वाली भाजपा सरकार चुनी है।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि-शिकायतें मिल रही है कि निगम में भी कुछ प्रकरणों की पुरानी फाईलों को बैकडैट पर निपटाया जा रहा है, ताकि उसमें हुई गड़बड़ियों को छिपाया जा सके। जीरो टॉलरेंस वाली भाजपा की सत्ता आते ही निगम में कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति है और कार्रवाई से बचने वे कागजी खेल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि-इस तरह की अनुचित प्रक्रियाओं से आयुक्त और निगम के अन्य अधिकारियों को बचना चाहिए।

शहर के लिए स्वीकृत कई कार्यों के टेंडर को लेकर किशुन यदु ने कहा कि-अब भी कई टेंडर नहीं खुलने की शिकायत मिलती रही है। आयुक्त को इस पर अब त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए। शहर के विकास कार्यों से किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। कमीशन के लिए टेंडरों को रोके जाने का विरोध भाजपा शुरु से करती रही है। विकास कार्यों के टेंडर में कमीशन का खेल अब नहीं चलेगा।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रार्थीया ने शुक्रवार 8 दिसंबर को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी राजेश धुर्वे ने उसे शादी करने का झांसा देकर उसके मना करने के बावजूद दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोपी से 2019 से जान पहचान थी। पीड़िता जब शादी भी की बात करती थी। उसे आरोपी हमेशा घूमाते रहता था।

जिले के थाना कोतवाली में 8.दिसंबर 23 को थाना क्षेत्र की प्रार्थीया द्वारा थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करी गई कि राजेश धुर्वे से मेरा वर्ष 2019 से जान पहचान है। जो मुझसे शादी करने की बात कहकर कहता था की तुम मुझे अच्छी लगती हो, मैं तुमसे शादी करना चाहता हूँ, तुमको अपनी पत्नी बनाकर रखूंगा, कहकर मेरे मना करने पर भी मेरे साथ जबरदस्ती कई बार शारीरिक संबंध बनाया है। जब मैं शादी करने को बोली, तो आज करूंगा, कल करूंगा, कहकर एक साल से घूमा रहा है। दिनांक- 20.11.23 को मै पुनः बोली कि तुम मेरे साथ शारीरिक शोषण करते आ रहे हो। अब शादी करने से इंकार कर रहे हो। तो कहने लगा कि तुम दूसरे समाज की हो, मैं दूसरे समाज का हूँ, मेरे घर वाले तुमको स्वीकार नहीं करेंगे जिस कारण मैं तुमसे शादी नहीं करना चाहता। तुमको जो करना है, कर लो कहकर चला गया। मेरे बार बार मनाने के बाद भी कहने लगा कि मैं तुमसे आज शादी करूंगा ना कल करूंगा कहकर शादी करने से इंकार कर रहा है। राजेश धुर्वे मुझे शादी का झांसा देकर मेरा शारीरिक शोषण किया है। मेरे मना करने के बाद भी मेरे साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध कमांक - 860/23 धारा 376 (2) (ह) भा.द.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा उक्त घटना की जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दी।

सभी गरीबों को मिलेगा पक्का मकान

- गरीबों के आवास के एवज में भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं होगा
- पीएम आवास के 50 हितग्राहियों को दिए आवास स्वीकृति पत्रक

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ''मोर आवास मोर अधिकार'' के तहत कवर्धा शहर के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्रक प्रदान करने नगर पालिका परिषद कवर्धा पहुंचे नवनिर्वाचित विधायक विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री आवास बनाये बर शुरू से प्रयास करत हे...अब तुहंर आवास के पैसा आगे हे मोर दीदी महतारी हो...आप सबो झन के काम ल जल्दी शुरू कराये बर हमन इंहा आये हन...उन्होंनें कहा कि प्रधानमंत्री आवास के काम शुरू कराये बर, स्वीकृति कराये खातिर बहाना करके... कोनो पैसा कौडी मांगही...मोला अतका देदे...ओतका देदे...रेवाबंद तरिया के बाजू में रहिथव दीदी बहिनी हो.....तुरंते घर आके बताहु....तुहंर आवास के पैसा ल कोई नई खा सके...जेन खाई ओ ह सोंच ले...।

नवनिर्वाचित विधायक विजय शर्मा ने सभी उपस्थित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की जानकारी दी तथा सरकार द्वारा चार किस्तों दी जाने वाले स्वीकृति राशि के बारे में भी अवगत कराया।

गुणवत्ता को ध्यान में रखने निर्देश- मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा को निर्देशित करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति सभी हितग्राहियों को समय-सीमा में कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण होने वाले कार्यो की गुणवत्ता पर भी ध्यान रखे। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा अनुसार किस्तों की राशि जारी किये जाने व हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका पूर्ण ध्यान रखे।

50 हितग्राहियों को कार्य शुरू करने की मिली अनुमति- कवर्धा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत 163 हितग्राहियों की स्वीकृति प्राप्त हुआ है आज प्रारंभिक तौर पर 50 हितग्राहियों को कार्य शुरू किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान किया गया है जल्द ही सभी परिवारों को आवास स्वीकृति पत्रक प्रदान किया जायेगा।0 इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पंडरिया विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, मंडल उपाध्यक्ष श्रीकान्त उपाध्याय,नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष उमंग पाण्डेय, पार्षद भीखम कोसले, पवन जायसवाल, रिंकेश वैष्णव, श्रीमती मनीषा अनिल साहू, प्रमोद शर्मा, मनहरण कौशिक सहित अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण, पत्रकारगण उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और लोक परंपरा है मेला मड़ई : गिरीश देवांगन

- क्षेत्र की जनता के सुख-दुख एवं सेवा में रहूंगा सदैव तत्पर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव के छाया विधायक गिरीश देवांगन ढाबा वार्ड के मेला मडाई के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि ढाबा में अपार जनसमूह व दिलीप षड़ंगी के सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि की आसंदी से गिरीश देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का राज्य है, यहां की सांस्कृतिक एवं लोक परंपराओं में एक महत्वपूर्ण पक्ष लोक मड़ाई का भी है। लोक मंडाई के माध्यम से जनता जहां उत्सवपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारा सौहार्द के साथ मनोरंजन करते हैं और पारंपरिक मिष्ठान एवं खरीददारी कर अपने एवं अपने परिवार के बीच खुशियां बांटते हैं, ऐसे परंपरा को जीवंत रखना हम सब की माहिती जिम्मेदारी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल के 5 वर्षीय कार्यकाल में जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ की संस्कृति लोक कला को जो संरक्षण एवं संवर्धन एवं बढ़ावा मिला, जिसके कारण छत्तीसगढ़ी संस्कृति को पूरे देश में एक विशेष पहचान मिली ऐसी संस्कृति को हमें अक्षुण रखना है। मेला मड़ाई के स्टालों में जाकर दुकानदारों से भेंट-मुलाकात किए, जिससे व्यवसाई श्री देवांगन के व्यवहार, मिलनसारिता के कायल हुए। जनता से मिलते हुए कहा कि मैं राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, चुनाव में हार और जीत होती रहती है, लेकिन आप सभी ने जो आशीर्वाद मुझे दिया, उससे मुझमें और उत्साह का संचार हुआ है, जिससे मैं निरंतर आपकी, क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सहभागी होने के साथ-साथ निरंतर सेवा करने का प्रयास करूंगा और राजनांदगांव की विकास के लिए निरंतर आवाज बुलंद कर आवश्यकतानुसार संघर्ष करने से भी हम पीछे नहीं हटेंगे। आयोजन में गिरीश देवांगन के साथ राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, वार्ड के पार्षद सचिन टूरहाटे, पार्षद राजा तिवारी, विनय झा, गणेश पवार, वीरेंद्र चौहान, डा. अरुण देवांगन, पुरुषोत्तम सिंह चौहान, सत्यम सिंह सहित बड़ी संख्या में वार्ड, जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे।

नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव पुलिस ने अपहृता को बरामद कर माता पिता को सौंपा। नाबालिग को बहला फुसला कर शादी का प्रलोभन देकर करता रहा दुष्कर्म। अपहरण कर बलात्कार करने वाले आरोपी को भेजा जेल।

डोंगरगांव में दर्ज अपहरण के मामले में लगातार अपहृता एवं आरोपी की हर संभव पता तलाश में वरिष्ठ कार्यालय, सायबर सेल राज, व मामुर मुखबीर की सहयोग ली जा रही थी। इसी दौरान 5 दिसंबर 23 को अपहृता आरोपी से बचकर अपने माता पिता को फोन किया। जिसे थाना डोंगरगांव मे बरामदगी पंचनामा तैयार कर अपहृता का विधि अनुसार कथन दर्ज किया , एवं आरोपी की लगातार पता तलाश के दौरान मुखबीर से पता चला कि आरोपी अपने गृह ग्राम किरगी में है। इस सूचना पर हमराह स्टाफ ग्राम किरगी में जाकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। जिसे पुलिस हिरासत मे लेकर पुछताछ करने पर नाबालिग को अपने साथ शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाकर नागपुर शहर महाराष्ट्र में बलात्कार करते रहना जुर्म स्वीकार किये जाने से आरोपी ललित साहू पिता दलीराम साहू (23) पता- ग्राम किरगी , थाना डोंगरगावं, जिला राजनांदगांव, छ0ग0 को धारा-363,366,376,376(2)(ढ) भादवि, एवं 4,6 पोक्सो एक्ट के तहत दिनांक 09.12.23 के 12.10 बजे गिर0 कर माननीय न्यायालय के समक्ष ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है । बलात्कारी आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी निरी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम में सउनि देवकुमार रावटे, प्र0आर0 693 भुपेन्द्र कौंचे, आर0 क्र 1507 राकेश कुमार साहू की विशेष योगदान रहा है।

स्व रोजगार के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 के लिए जिले में 20 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक डी.एल. पुसाम ने बताया कि योजनान्तर्गत बैंको के माध्यम से उद्योग के लिए 25 लाख रूपए, सेवा उद्यम के लिए 10 लाख रूपए एवं व्यवसाय के लिए 2 लाख रूपए का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। व्यवसाय श्रेणी के तहत् किराना दुकान, कृषि केंद्र, मेडीकल स्टोर, फुटवेयर, कपड़ा दुकान, स्टेशनरी, मनिहारी आदि के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

एसपी ने चुनाव में लगे कर्मियों का किया सम्मान

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के द्वारा छत्तीसगढ विधानसभा निर्वाचन 2023 के दुसरे चरण में बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ में विधानसभा निर्वाचन के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने में उत्कृष्ट करने वाले अधि./कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में 7 दिसंबर को सम्मान समारोह आयोजित कर प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता ने कहा कि जिलें के सभी अधिकारी एवं जवानों ने छत्तीसगढ आम विधानसभा चुनाव 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैं। उन्होनें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पूरी ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण का प्रदर्शन किया हैं। जवानों द्वारा प्रदर्शित उच्च कार्य कुशलता के कारण, उक्त चुनाव स्वतंत्र और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चुनौतीपूर्ण और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने-अपने कर्तव्यों को अत्यंत ईमानदारी और दक्षता के साथ निभाया हैं। एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता के द्वारा जिलें के अधिकारी एवं जवानों के कार्यो की सराहना करते हुए बधाई देकर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना की गई।सम्मानित हुये अधिकारी/कर्मचारियों -विधान सभा निर्वाचन 2023 स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने में उत्कृष्ट करने वाले अधि./कर्मचारी एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमलनारायण शर्मा, पुष्पोत्तम कुम्भकार, भुषण राजपूत, मनीष देवांगन, महिला आरक्षक केशर जहां एवं अन्य अधि./कर्मचारी को प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

एसपी ने प्रभारियों की बैठक लेकर की अपराध समीक्षा

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना/चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें थाना/चौकी में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत, गुमइंसान, लंबित वारंट, 173 (8) जाफौ की थानावार जानकारी लेकर समीक्षा कर राजपत्रित अधिकारियो के सुपरविजन में शीघ्र निकाल करने, ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर लंबित स्थाई वारंट एवं गिरफ़्तारी वारंट की पतासाजी कर तामिल करने, असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, जमीन संबंधी प्रकरण, शिकायत पर तत्काल राजस्व विभाग को वैधानिक कार्यवाही हेतु पत्राचार कर निराकरण करने एवं माईनर एक्ट के तहत बाउंड ओव्हर, 107, 116 (3), 109, 110 जा.फौ., अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा पर सख्त प्रभावी कार्यवाही करने, गुंडों, बदमाशों और माफिया से सख्ती से निपटने और बाहरी लोगों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखने। साथ ही धोखाधडी व आईटी एक्ट के प्रकरणों में फरार आरोपियों के विरूद्ध 173 (8) जाफौ के मामलो में शीघ्र विवेचना पूर्ण कर फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने निर्देश दिये गये तथा समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों का अवलोकन कर सही समय पर जानकारी भेजने एवं मोबाईल एवं आनलाईन से होने वाले धोखाधड़ी से सावधान रहने व साईबर क्राईम, चिटफण्ड कंपनियों द्वारा आम जनता ठगी का शिकार न हों, इसके लिए हर स्तर के अधिकारी को पूरी सतर्कता बरतने, तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए थाना प्रभारियों और आरक्षकों को संवेदनशील बनाने, हर थाने में ग्रामीण जन अपनी बात रख सकें तथा लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि पुलिस हमारी सुरक्षा के लिए है।

■ न्यूज गैलरी

पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह से मिली पूर्व विधायक पिंकी शाह

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शिवराज शाह एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं धमतरी जिला भारतीय जनता पार्टी के मंत्री राजेंद्र गोलछा ने आज छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी को गुलदस्ता भेंट कर छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के हुई ऐतिहासिक जीत पर शुभकामनाएं दी।

भाजपा की सरकार बनने पर विक्रांत के नेतृत्व में डॉ रमन को दी शुभकामनाएं

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने पर व विधानसभा में विजयी होने पर पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह, पूर्व केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व केबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल, पूर्व केबिनेट मंत्री राजेश मूणत एवं विधायक मोतीलाल साहू से रायपुर निवास में सौजन्य मुलाकात कर विजयी होने प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की अगुआई में शुभकामनाएं दी व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, रामाधार रजक, आशीष सिंह, आयश सिंह उपस्थित थे।

स्कूली छात्रों ने विधायक को खिलाई मिठाई

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित भाजपा विधायक चैतराम अटामी का समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने गीदम बस स्टैंड में आतिशबाजी कर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान गीदम बस स्टैंड में स्कूल के नन्हें छात्रों ने भी विधायक चैतराम को मिठाई खिलाई। तस्वीर में मासूम नन्हें छात्र व छात्रा विधायक चैतराम को मिठाई खिलाते नजर आ रहे हैं। विधायक चैतराम अटामी भी भीड़ में मौजूद बच्चों को देखकर अपने आप को रोक नहीं पाये व खुद उनसे मिलने पहुंचे और नन्हें बच्चों से मुलाकात कर विधायक चैतराम अटामी ने कहा की जैसा प्यार मुझे यहाँ जनता से मिल रहा है। उसके लिये वो दंतेवाड़ा के समस्त नागरिकों का सदैव ऋणी रहेंगे और वायदा करते हैं कि जो विश्वास लोगों ने उन पर जताया है उसे पूरी निष्ठा के साथ लोगों की सेवा कर पूरा करेंगे।

जांजगीर लोकसभा बना कांग्रेस का गढ: राजमहंत घृतलहरे

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित लोकसभा क्षेत्र जांजगीर 3 में कुल 8 विधानसभा जांजगीर, अकलतरा, सक्ती,चंद्रपुर,जैजैपुर,पामगढ, कसडोल एवं बिलाईगढ समाहित है। विधानसभा चुनाव में परिवर्तन की लहर के दौर में भी इस लोकसभा के सभी प्रत्याशी कांग्रेस से विजयी हुए हैं जो कि गौरव का विषय है। यही लोकसभा क्षेत्र बहुजन समाज पार्टी का कभी अभेद गढ़ हुआ करता था। इस चुनाव में पूरी तरह बहुजन समाज पार्टी का प्रदर्शन जीरो रह गया है। सभी आठों विधान सभा में कांग्रेस का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी से रहा है। कसडोल से संदीप साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड, बिलाईगढ़ से कविता प्राण लहरे जिला पंचायत सदस्य,पामगढ से शेषराज हरबंश, अकलतरा से राघवेंन्द्र सिंह, जांजगीर से ब्यास कश्यप, सक्ती से चरणदास महंत, जैजैपुर से बालेश्वर साहू एवं चंद्रपुर विधानसभा से रामकुमार यादव सहित सभी ने कांग्रेस से जीत हासिल की है। इस अभूतपूर्व जीत के लिये राज महंत पुलस्त्य कुमार घृतलहरे ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि राजमहंत पुलस्त्य कुमार घृतलहरे नगर टुण्डरा निवासी ने कांग्रेस पार्टी से बिलाईगढ़ विधानसभा के लिये टिकट की मांग की थी। किन्तु कविता प्राण लहरे को टिकट मिलने पर पूरे लगन एवं मेहनत से कांग्रेस प्रत्याशी को विजय दिलाने में अपनी महती भूमिका निभाई है। आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का झंडा इस लोकसभा में अवश्य फहराएंगे।

कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

- स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक लेकर प्रगति की समीक्षा की
- परीक्षाओं में जिले के विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए दिए आवश्यक निर्देश

कांकेर /नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत आगामी बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के बोर्ड परीक्षाओं में जिले के विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर 12.30 बजे से आहूत बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्डवार एवं विषयवार समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले के विद्यार्थियों की शिक्षा का स्तर ऐसा हो कि बोर्ड परीक्षाओं के अलावा आगे की तकनीकी व प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी उन्हें सक्षम बनाया जा सके, जिससे अधिक से अधिक छात्राओं का चयन हो। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि गणित, अंग्रेजी जैसे विषयों में विद्यार्थियों की पकड़ कमजोर है, ऐसे विषय में दक्ष बनाने हेतु अतिरिक्त विशेषज्ञ शिक्षकों की व्यवस्था की जाए।

कमजोर बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षा लागू करें

बैठक में कलेक्टर ने अच्छे एवं कम अच्छे बच्चों का चिन्हांकन पर समीक्षा करते उनकी नियमित कक्षाओं का संचालन कर कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों में उपचारात्मक शिक्षा लागू करने, रविवार एवं अवकाश दिवसों में उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से। उन्होंने विकासखंड शिक्षा नोडल अधिकारियों के कार्यों पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएसई) के तहत् जिले के 4402 विद्यार्थियों का पंजीयन पंजीयन कराया गया है, इसमें विकासखण्ड अंतागढ़ में 333, भानुप्रतापपुर में 643, चारामा में 922, दुर्गूकोंदल में 525, कांकेर में 670, कोयलीबेड़ा में 631 तथा नरहरपुर विकासखण्ड में 678 विद्यार्थियों का पंजीयन कर उन्हें विषय विशेषज्ञों के द्वारा सतत् प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी तरह जेईई और नीट परीक्षाओं के लिए जिले के कुल 332 विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया है, जिनमें अंतागढ़ ब्लॉक के 44, भानुप्रतापपुर के 49, चारामा के 62, दुर्गूकोंदल के 22, कांकेर के 71, कोयलीबेड़ा के 42 और नरहरपुर विकासखण्ड के 42 विद्यार्थियों का ने फॉर्म भरा है। इसके अलावा जिले के सभी सातों विकासखण्ड के 8523 विद्यार्थियों का पंजीयन जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए किया गया है।

त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सी एवं डी ग्रेड प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों की प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों से माह दिसम्बर 2023 में ही कराने निर्देशित किया गया है, ए एवं बी ग्रेड वाले विद्यालयों का पुनः परीक्षण करने के निर्देश दिये गये है कलेक्टर डॉ0 प्रियंका शुक्ला के द्वारा शाला त्यागी एवं लगातार अनुपस्थित बच्चों के सर्वे व अनुरोध कार्यक्रम के तहत ऐसे शाला त्यागी एवं लगातार अनुपस्थित बच्चों को शाला लाने हेतु विशेष प्रयास लाने तथा परिणाम मूलक कार्य करने के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर कांकेर द्वारा सी एवं डी ग्रेड प्राप्त छात्रों तथा अनुत्तीर्ण छात्रों की विषयवार व विकासखंडवार समीक्षा की गई। अनुत्तीर्ण छात्रों एवं परीक्षा में अनुपस्थित छात्रों पर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई है अर्धवार्षिक परीक्षा के पश्चात प्राचार्यों की अविलम्ब बैठक करने के निर्देश दिये गये है। कमजोर परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं वहां के विषयगत शिक्षक व कमजोर परीक्षा परिणाम देने वाले व्याख्याताओं की बैठक करने के निर्देश दिये गये है।

बीईओ को कारण बताओ नोटिस

साथ ही विकासखंड कोयलीबेड़ा शिक्षा नोडल वैभव मेश्राम के द्वारा आवश्यक जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अंतागढ़, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के नतीजों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कोयलीबेड़ा, नरहरपुर, कांकेर को और अधिक प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार विद्यालयों में चल रहे भवन निर्माण के कार्यों में तेजी लाने और लगातार स्थल निरीक्षण करते हुए गुणवतापूर्ण कार्य कराने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ सुमीत अग्रवाल, प्रभारी डीएमसी दिनेश नाग, एपीसी पंकज श्रीवास्तव, नवनीत पटेल एपीसी समग्र शिक्षा सहित सभी विकासखंड शिक्षा नोडल, सभी बीईओ, एबीईओ एवं स्त्रोत केन्द्र समन्वयक मौजूद रहे।

जेजेएम के कार्यों का अफसरों ने किया अवलोकन

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कांकेर के कार्यपालन अभियंता बी. एन. भोयर ने जलजीवन मिशन के तहत ग्राम हिंदूबिनापाल में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय जलागार, सोड़े में एचडीपीई पाईप, जूना गावड़ेगांव में ग्रामीण के घर में क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन, ग्राम सुलंगी में उच्च स्तरीय जलागार, कोयलीबेड़ा में उच्च स्तरीय जलागार का अवलोकन किया।

काम में कमियों पर सुधार के निर्देश –इस दौरान कार्यपालन अभियंता ने विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम हिंदूबिनापाल में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय जलागार का निरीक्षण किया। साथ ही पानी टंकी निर्माण कार्य में विभिन्न प्रकार की कमियां पाई गई। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को कार्य में पाई गई कमियों को दूर कर गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए 15 दिवस की समय सीमा दी। इसी तरह ग्राम सोड़े में एएफ कंस्ट्रक्शन के द्वारा गांव में पाइपलाइन विस्तार हेतु लाई गई एचडीपीइ पाईप का निरीक्षण किया। जूना गावड़ेगांव में ग्रामीण श्रीमती कमला बाई साहू के घर में क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन का अवलोकन किया और गांव के अन्य सदस्यों से नल कनेक्शन के बारे में प्रतिक्रिया लेकर ठेकेदार को घरेलू नल कनेक्शन को ठीक करने निर्देशित किया।

इसके अलावा ग्राम सुलंगी में संबंधित ठेकेदार को उच्च स्तरीय जलागार एवं बाउंड्रीवाल एवं कोयलीबेड़ा में कार्य कर रहे ठेकेदार को जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तायुक्त निर्माण करने और अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

अंतागढ़ में बैठक ली

निरीक्षण दौरा के पूर्व उपखंड कार्यालय अंतागढ़ में कार्यपालन अभियंता ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर ग्रामवार जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग, सिंगल विलेज, सोलर आधारित नल-जल प्रदाय योजना की जानकारी ली तथा प्रगतिरत एवं अपूर्ण, अप्रारंभ योजनाओं को पूर्ण करने के लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किए। उन्होंने एचएचटीसी निर्माण, ऑनलाइन एंट्री, बिजली कनेक्शन के लंबित कार्यों को तत्काल पूर्ण करने निर्देशित किया। साथ ही वर्तमान में पहाड़ी, नदी, पगडंडी क्षेत्रों में काम करने में असुविधा अथवा काम नहीं कर सकते हैं ऐसे गांवों की सूची तैयार करने के लिए भी कहा। उन्होंने उपखंड स्तरीय जल एवं परीक्षण प्रयोगशाला भानुप्रतापपुर का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय उपखंड अंतागढ़ सहायक अभियंता संघोरिया, उप अभियंता नेताम, मधुकर सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सर्व यादव समाज सिहावा क्षेत्र की बैठक आज

नगरी/नवप्रदेश। यादव समाज गोवर्धन पूजा महोत्सव कार्यक्रम रखा गया था,जिसमें यादव समाज की सभी प्रकोष्ठ के द्वारा भरपूर योगदान व सहभागिता सराहनीय रहा। सर्व यादव समाज सिहावा क्षेत्र के कार्यकर्ता महिला, कर्मचारी, युवा प्रकोष्ठ और सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है रविवार 10 दिसंबर को यादव भवन माँ शीतला मंदिर सिहावा में 10.00 बजे बैठक आहूत की गई है। इसमें गोवर्धन पूजा की आय व्यय की जानकारी एवं राऊत नाचा कलस सजावट कृष्णा सजावट झांकी प्रतियोगिता प्रतिभागी सत्वना पुरुस्कार वितरण एवं त्रिवर्षीय कार्यकाल समाप्ति उपरांत नव पदाधिकारी का चुनाव होना है, जिसमें सभी की उपस्थिति अनिवार्य व प्रार्थनीय है। यह जानकारी सर्व यादव समाज के पदाधिकारी ने दी है।

संकुल समन्वयक ने किया स्कूलों का निरीक्षण

नगरी/नवप्रदेश। संकुल केंद्र अमाली के आश्रित प्राथमिक/ माध्य0 शाला गोरेगांव में विगत दिनों 6 दिसंबर से अर्धवार्षिक परीक्षा 2023-24 का शुभारंभ हुआ है। जो 12 दिसंबर तक चलेगा। 8 दिसंबर को सिद्धेश्वर कुमार साहू संकुल समन्वयक अमाली ने आकस्मिक निरीक्षण किया। केंद्राध्यक्ष केपी साहू के निर्देशन में अर्धवार्षिक परीक्षा 2023-24 शांतिपूर्वक से ढंग से संचालित हो रहा है। शिक्षक चंद्रप्रभा साहू, राकेश कोसरिया, आरती साहू, छात्र अध्यापक शिवम कुमार ,वरुण ध्रुव, टाकेश कुमार, इंद्रजीत द्वारा पर्यवेक्षक कार्य किया जा रहा है। प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू ने बताया कि माध्य शाला गोरेगांव के 34 व प्राथमिक के 50 छात्र परीक्षा में बैठे हैं। संस्कृत, हिंदी, विज्ञान के प्रश्न पत्र सरल पा कर बच्चों के चेहरे खिल गए। परीक्षा में नियमों का गंभीरता पूर्वक पालन किया जा रहा है।

चयनित युवाओं को मिलेगी नि:शुल्क बस सुविधा

कांकेर/नवप्रदेश। अग्निवीर थल सेना में भर्ती के लिए आगामी 15 से 23 दिसम्बर तक जांजगीर-चांपा के खोखरा भाटा स्थित पुलिस लाइन में भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इसमें भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के लिए इसी साल अप्रैल माह में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) आयोजित की गई थी, जिसमें पात्र अभ्यथियों की शारीरिक दक्षता और चयन परीक्षा का आयोजन जांजगीर-चांपा में 15 से 23 दिसम्बर तक जांजगीर के खोखराभाठा स्थित पुलिस लाइन में आयोजित किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी दी है कि 17 दिसम्बर को शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कांकेर जिले के पात्र परीक्षार्थियों को 16 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे एवं 20 दिसम्बर की परीक्षा मे सम्मिलित होने वाले युवाओं के लिए 19 दिसम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय कोड़ेजुंगा कांकेर से निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो पुलिस लाईन खोखराभाठा जांजगीर-चांपा के लिए रवाना होगी। निःशुल्क बस सुविधा का लाभ लेने के लिए पात्र अभ्यर्थी अपना पंजीयन जिला रोजगार कार्यालय कोड़ेजुंगा कांकेर में 15 दिसम्बर 2023 तक करवा सकते हैं।

चलित थाना लगाकर पुलिस ने सुनी समस्याएं

- लोगों को किया जागरूक

खैरागढ़/नवप्रदेश। एसपी अंकिता शर्मा (भापुसे) जिला केसीजी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पुलिस एवं आम जनता के मध्य मधुर समन्वय स्थापित करने एवं ग्रामीणों की समस्या की सुनवाई तथा निराकरण हेतु बेसिक पुलिसिंग के तहत जिला अंतर्गत ग्रामों में लगातार चलित थाना एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला में विधानसभा चुनाव 2023 शांतिपूर्ण सम्पन्न होने के पश्चात पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला केसीजी के थाना खैरागढ़ के ग्राम बढ़ईटोला, पुलिस चौकी जालबांधा के ग्राम जालबांधा, थाना छुईखदान के ग्राम कुलीकसा, थाना गंडई के ग्राम ठंढार,थाना ठेलकाडीह के ग्राम चारभाठा, थाना गातापर के ग्राम टेमरी,थाना साल्हेवारा के ग्राम आमगांव ,थाना मोहगांव के ग्राम बेगरी में चलित थाना लगाया गया चलित थाना में मौके पर पुलिस के द्वारा ग्रामीणों की समस्या सुनी। ग्रामीणों की छोटी मोटी शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।दौरान ग्रामीणों को सायबर अपराध , बैंक फ्राड, इनामी लॉटरी, महिला संबंधित अपराध, नाबालिग बच्चों से संबंधित अपराध पॉक्सो एक्ट सहित कानूनी जानकारी दिया गया। यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताकर प्रमुख रूप से मोटर सायकल में तीन सवारी बैठकर नही चलने, शराब का सेवन कर वाहन नही चलाने, अत्यधिक तेज़ गति से वाहन नही चलाने, मोटर साइकिल में प्रेशर हॉर्न का उपयोग नहीं करने , मोडिफाइड या फटा सायलेंसर का उपयोग नही करने ,मालवाहक वाहन में सवारी नहीं बैठाने,वाहनों के कागजात दुरुस्त रखने समझाइस दिया गया साथ ही ग्रामों में अवैध गतिविधिया जैसे अवैध शराब बिक्री, जुआ ,सट्टा, आदि क्रियाकलाप में लिप्त लोगों की सूचना पुलिस को देने अपील किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं पुलिस स्टॉफ मौजूद थे।

फाइनेंस कंपनी का व्यावसायिक कदाचरण और सेवा में कमी से उपोभाक्ताओं को नुकसान

- दो मामलों में उपभोक्ता फोरम से पीड़ितों को मिला इंसाफ़

कांकेर/नवप्रदेश। उत्तर बस्तर जिला उपभोक्ता आयोग कि अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी ने एक बार फिर पीड़ितों को न्याय दिलाते हुए एक जैसे दो मामलों में फाइनेंस कंपनी चोलामंडलम को जोरदार झटके दिए हैं और ब्याज सहित राशि के भुगतान के अलावा फाइन तथा मुकदमें का हरजा खर्चा भी पीड़ितों को दिलवाने का आदेश दिया है। दोनों मामलों में पहला शहर के पुराने बस स्टैंड में चाय स्टाल लगाकर रोजी-रोटी चलने वाले रामेश्वर कश्यप का है और दूसरा केशकाल निवासी बलिराम सिन्हा का है। इन दोनों ने अपनी आय में वृद्धि हेतु मैक्सिमो वाहन फाइनेंस करवाए थे। इसमें चोलामंडलम नामक चेन्नई की फाइनेंस कंपनी (जो तमिलनाडु से अज्ञात कारणों से भगाई गई है ,छत्तीसगढ में धंधा कर रही है और सीधे-साधे लोगों के साथ फाइनेंस के नाम पर लूटपाट मचा रखी है)। इनमें से रामेश्वर कश्यप ने मैक्सिमो वाहन के बंधक पर चोलामंडलम से 2,77,000 कर्ज लिया था। कुछ समय पश्चात वाहन में खराबी आने लगी और बहुत खर्च होने लगा तो उपभोक्ता ने धमतरी के शोरूम में व्हीकल खड़ा कर दिया और अपील की कि व्हीकल का रिप्लेसमेंट करें अथवा सुधारें लेकिन फाइनेंस कंपनी अथवा विक्रेता किसी ने इस बात पर कोई रुचि नहीं ली और ब्याज बढ़ता रहा। जब व्हीकल चल ही नहीं रहा था, तो रामेश्वर कश्यप किशत कहां से पटाते? कंपनी नोटिस पर नोटिस देती गई अंततः उक्त वाहन को चारामा गैराज से विरोधी पक्ष द्वारा जबरन अपने आधिपत्य में ले लिया गया। इसकी कोई सूचना परिवादी को नहीं दी गई। गाड़ी जब्ती के संबंध में किसी कानून का पालन नहीं किया गया। इसी प्रकार केशकाल निवासी बलिराम सिन्हा ने भी मैक्सिमो वाहन खरीदी हेतु चोलामंडलम से 300000 फाइनेंस करवाया था। वह किश्त भी बराबर जमा कर रहा था लेकिन 29सितंबर 2014 को 1,74, 474 की राशि मात्र बकाया थी, तब परिवादी के वाहन को बिना नोटिस बिना सूचना विरोधी पक्ष द्वारा जब्त कर ले जाया गया और उसके बाद भी वसूली के लिए लगातार नोटिस देते रहे। परिवादी को उक्त वाहन के संबंध में कोई भी दस्तावेज एवं अनुबंध प्रेषित नहीं किया गया। इस बीच में दोनों परिवादियों को चोलामंडल कंपनी द्वारा चेक बाउंस का आरोप लगाकर भी परेशान किया गया। अंततः वर्षों तक नुकसान उठाने और धक्के खाने के पश्चात दोनों पीड़ितों का मामला उपभोक्ता आयोग जिला कांकेर के सामने आया। जहां उन पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर नीरक्षीर विवेक का परिचय देकर जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी की बेंच ने 29 नवंबर को आदेश दिया कि विक्रेता तथा फाइनेंस कंपनी चोलामंडलम, उपभोक्ता रामेश्वर कश्यप को मैक्सिमो जीप की कीमत की राशि 340000 एक माह के अंदर 7त्न ब्याज सहित (11 8 2017 से लागू)प्रदान करें। इसमें विलंब होने पर एक माह के पश्चात ब्याज की राशि 9त्न वसूल की जाएगी। आर्थिक क्षति हेतु रामेश्वर कश्यप को 50,000 रुपए की राशि विरोधी पक्ष प्रदान करेगा, साथ ही मानसिक पीड़ा एवं परेशानी के संबंध में क्षतिपूर्ति ?10000 तथा मुकदमें का खर्च ?3000 भी मिलेंगे। विरोधी पक्ष पर ?10000 का अर्थ दंड भी लगाया गया है क्योंकि उन्होंने व्यावसायिक कदाचरण तथा सेवा में कमी का अपराध किया है। यह रकम उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा होगी । इसी तरह पीड़ित पक्ष बलीराम सिन्हा को भी विरोधी पक्ष द्वारा मैक्सिमो वाहन की कीमत की राशि ?300000 एक माह के भीतर 11 8 2017 से लागू 7त्न ब्याज के साथ अदा करनी होगी । इसमें विफल रहने पर ब्याज की राशि 9त्न कर दी जाएगी। व्हीकल न चलाई जाने के कारण हुई आर्थिक क्षति हेतु ?50000 की राशि भी देनी होगी तथा शारीरिक मानसिक पीड़ा एवं परेशानी के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि ?10000 भी एक माह के भीतर प्रदान करेंगे, साथ ही मुकदमे का व्यय ?3000 भी विरोधी पक्ष को वहन करना होगा। इन दोनों फैसलों से विरोधी पक्ष विशेष कर चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी को जोरदार झटका लगा है। इससे जनता में बड़ी प्रसन्नता है क्योंकि इस कंपनी के ऐसे एक नहीं कई मामले हैं। जिसमें उन्होंने अंग्रेजी में लिखा पढ़ी कर उपभोक्ताओं को धोखा दिया है, उनके चेक बाउंस किए हैं तथा मुकदमे की कार्यवाही चेन्नई तमिलनाडु में करने की धमकी दी है।

भारत, साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 आज

डरबन। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच ऑल फॉर्मेट सीरीज 10 दिसंबर से शुरू होने जा रही है। 3 टी-20 की सीरीज से दौरा शुरू होगा, इसके बाद 3 वनडे और 2 टेस्ट भी खेले जाएंगे। तीन फॉर्मेट के 8 मैचों के लिए भारत से 31 प्लेयर्स साउथ अफ्रीका जाएंगे। इनमें 16 की उम्र 21 से 29 साल के बीच है। व्हाइट बॉल स्क्वॉड में 26 प्लेयर्स चुने गए, जिनमें 21 पहली बार वहां वनडे या टी-20 खेलेंगे। टी-20 में तो 17 प्लेयर्स स्क्वॉड का हिस्सा हैं, लेकिन एक को भी साउथ अफ्रीका में टी-20 खेलने का अनुभव नहीं है। जबकि वनडे स्क्वॉड में भी 16 में से 5 ही खिलाड़ियों को यहां खेलने का अनुभव है। हालांकि टेस्ट स्क्वॉड में 9 प्लेयर्स को अफ्रीकन कंडीशंस का एक्सपीरियंस है।

वनडे और टी-20 स्क्वॉड को देखते हुए एक चीज साफ है कि दोनों सीरीज टीम इंडिया के युवा प्लेयर्स के लिए ट्रायल की तरह है। यहां अच्छा करने वाले प्लेयर्स 6 महीने बाद टी-20 वर्ल्ड कप की टीम में भी अपनी दावेदारी पक्की कर सकते हैं।टी-20 में 17 प्लेयर्स चुने गए, इनमें एक को भी साउथ अफ्रीका का अनुभव नहीं। 7 की उम्र 21 से 25 साल के बीच है, 5 की उम्र 26 से 29 साल के बीच और 5 प्लेयर्स की उम्र 30 साल से ज्यादा है। सूर्यकुमार यादव टीम की कप्तानी करेंगे। वहीं रवींद्र जडेजा, श्रेयस अय्यर और कुलदीप यादव जैसे 4 ही अनुभवी खिलाड़ी स्क्वॉड का हिस्सा हैं। सभी प्लेयर्स को टी-20 इंटरनेशनल खेलने का अनुभव जरूर है, लेकिन इनमें भी 7 खिलाड़ी ऐसे हैं जो 15 टी-20 इंटरनेशनल भी नहीं खेल सके।

यानी साउथ अफ्रीका के खिलाफ इसी फॉर्मेट में हमारे पास सबसे युवा टीम है और सभी पहली बार ही साउथ अफ्रीका में टी-20 का अनुभव करेंगे। सीरीज के 3 टी-20 मैच 10, 12 और 14 दिसंबर को खेले जाएंगे। टी-20 वर्ल्ड कप अगले साल जून के दौरान वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट से पहले भारत 6 ही टी-20 खेलेगा, 3 साउथ अफ्रीका में और 3 अफगानिस्तान के खिलाफ भारत में। इंटरनेशनल लेवल पर खिलाड़ियों का आजमाने के बहुत कम मौके हैं और इन्हीं मौकों पर 21 से 29 साल के युवाओं को खुद को बड़े स्टेज के लिए साबित करना होगा।

सविता 22 सदस्यीय हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले आगामी 5 देशों के टूर्नामेंट के लिए 22 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।

भारत टूर्नामेंट में आयरलैंड, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम के खिलाफ खेलेगा जो 13 जनवरी, 2024 से शुरू होने वाले महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 से पहले तैयारी कार्य के रूप में काम करेगा।शीर्ष गोलकीपर सविता को कप्तान और अनुभवी खिलाड़ी वंदना कटारिया को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है।टीम में गोलकीपर के रूप में सविता के साथ बिचू देवी खारीबाम को शामिल किया गया है, जबकि बैकलाइन में गुरजीत कौर के साथ-साथ डिफेंडरों की सूची में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और अक्षता अबासो ढेकाले की वापसी होगी।मिडफील्ड में निशा, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति और बलजीत कौर शामिल हैं। फॉरवर्ड पंक्ति में ज्योति छत्री, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया, ब्यूटी डुंगडुंग और शर्मिला देवी हैं। टीम चयन पर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेक शोपमैन ने कहा, हम एक अच्छी तरह से संतुलित, मजबूत टीम के साथ जा रहे हैं। टूर्नामेंट खिलाड़ियों को हालिया प्रदर्शन को आगे बढ़ाने और खुद को महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 को ध्यान में रखते हुए सही फ्रेम में रखने के लिए एक आदर्श मंच देता है। उन्होंने कहा, शीर्ष यूरोपीय टीमों के खिलाफ मैच से हमें उन क्षेत्रों की पहचान करने में भी मदद मिलेगी जिनमें टूर्नामेंट से पहले सुधार की जरूरत है और हम इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की उम्मीद कर रहे हैं।

गौतम गंभीर- श्रीसंत में जम कर तू-तू, मैं-मैं, होगी कार्रवाई

सूरत। लीजेंड्स लीग क्रिकेट भारत के पूर्व साथियों गौतम गंभीर और एस. श्रीसंत से जुड़ी घटना में आचार संहिता के उल्लंघन की आंतरिक जांच करेगा। लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि क्रिकेट जगत में जिस घटना की चर्चा हो रही है, वह आचार संहिता का उल्लंघन है और लीग की आचार संहिता और आचार समिति द्वारा बताए गए स्पष्ट नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में इंडिया कैपिटल्स और गुजरात जाइंट्स के बीच एलएलसी सीज़न 2 एलिमिनेटर मैच के दौरान गंभीर और श्रीसंत के बीच तीखी बहस हो गई और अंपायरों को मामले को सभ्य बनाए रखने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा। कैपिटल्स के 12 रन के स्कोर से जीतने के बाद श्रीसंत ने गंभीर को अनावश्यक रूप से उकसाने के लिए फटकार लगाई। श्रीसंत ने अपने सहकर्मियों के प्रति कोई सम्मान न दिखाने के लिए उन पर हमला किया और बताया कि वह गंभीर की टिप्पणियों से कितने आहत थे। मिस्टर फाइटर के साथ जो कुछ हुआ, उस पर मैं बस कुछ स्पष्ट करना चाहता था, जो हमेशा अपने सभी सहयोगियों के साथ बिना किसी कारण के लड़ते हैं। वह अपने सीनियर खिलाड़ियों का भी सम्मान नहीं करते, जिनमें वीरू भाई और कई लोग शामिल हैं। आज बिल्कुल वैसा ही हुआ । श्रीसंत ने मैच के बाद कहा, बिना किसी उकसावे के, वह मुझे फोन करते रहे, जो बहुत ही अभद्र बात है और ऐसा कुछ जो मिस्टर गौतम गंभीर को नहीं कहना चाहिए था। तो, मैं बस आप सभी को यह बताना चाहता हूं कि मेरी कोई गलती नहीं है। मैं बस तुरंत हवा साफ़ करना चाहता था। देर-सबेर आपको पता चल जाएगा कि गौती ने क्या किया है। उन्होंने जो शब्द इस्तेमाल किए और जो बातें उन्होंने क्रिकेट के मैदान पर लाइव कही, वे स्वीकार्य नहीं हैं।

यूएस किड्स गोल्फ इंडियन चैम्पियनशिप में अच्छी शुरुआत की

गुरुग्राम। बेंगलुरु के गणपति बंधु जशन और वीर सुर्खियों में रहे, क्योंकि दोनों ने यूएस किड्स गोल्फ इंडियन चैंपियनशिप के पहले दौर में अपने-अपने वर्ग में कम से कम बढ़त बना ली।

जैक निकलॉस सिग्नेचर कोर्स, क्लासिक गोल्फ और कंट्री क्लब में जशन ने लड़कों के 12 शॉट्स में 1-ओवर 73 का स्कोर बनाया और दानिश वर्मा के साथ बढ़त साझा की, जबकि वीर ने इवन पार 72 का कार्ड खेला और लड़कों के 15-18 वर्ग में विहान रेड्डी के साथ बढ़त साझा की।

आठ देशों के 90 से अधिक खिलाड़ी यूएस किड्स इंडियन चैंपियनशिप के तीसरे संस्करण में खेल रहे हैं, जहां से खिलाड़ी 2024 में यूएस किड्स यूरोपियन और वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए प्राथमिकता अंक अर्जित करेंगे।

गणपति बंधु पूर्व प्रो गोल्फर, राहुल गणपति के बेटे हैं, जिन्होंने भारतीय सर्किट में शौकिया और पेशेवर के रूप में जीत हासिल की है और अब बेंगलुरु में जूनियर्स को पढ़ाते हैं और बेंगलुरु में यूएस किड्स लोकल टूर चलाते हैं।

लड़कों के 12 में जहान ने चार बर्डी और पांच बोगी की, वह 12 के बाद 3-अंडर था, लेकिन अंतिम छह होल में सिर्फ एक बर्डी के मुकाबले पांच बोगी दे दी। सह-नेता दानिश ने दो बर्डी जबकि तीन बोगी कीं।लड़कों के 15-18 में वीर ने तीन बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाई, जबकि विहान ने पहले छह होल में तीन बोगी की, लेकिन पिछले नौ होल में दो बोगी के मुकाबले दो बर्डी और एक ईगल के साथ उबर गया।सबसे कड़े मुकाबले वाले वर्गों में से एक, लड़कों के 13-14 में अयान दुबे ने चार बोगी के मुकाबले चार बर्डी की, जबकि रणविजय सिंह गिल और प्रिंस बैंसला ने 73 और 74 का स्कोर किया।

बॉयज 8 में कबीर गोयल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन बर्डी और तीन बोगी लगाईं, जबकि बॉयज 9 में रुदर गुप्ता ने शानदार 2-अंडर 70 का कार्ड खेला। उन्हें सातवें और नौवें होल में दो लेट बर्डी से मदद मिली।

लड़कियों की श्रेणी 11-12 में सिंगापुर में रहने वाली अमिया कूल ने 1-अंडर 71 का स्कोर किया और स्मिरा भंडारी से सात शॉट से आगे रहीं।परनिका शर्मा ने पार-4 10वें पर 77 में दो बर्डी के मुकाबले चार बोगी और एक दुर्भाग्यपूर्ण ट्रिपल बोगी की, लेकिन फिर भी वह अनन्या सूद से चार से आगे रहीं।

बिजनेस

एलन मस्क की मुश्किलें बढ़ी, ट्विटर सुरक्षा प्रमुख ने दायर किया मुकदमा

सैन फ्रांसिस्को। पूर्व ट्विटर आईटी सुरक्षा प्रमुख एलन रोजा ने एक्स, उसके मालिक एलन मस्क और कंपनी के सलाहकार स्टीव डेविस के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया गया है कि उन्हें कंपनी में लागत में कटौती के उपायों का विरोध करने के लिए बर्खास्त कर दिया गया था, जिसमें ट्विटर ने कानून का पालन नहीं किया था।

रोजा ने मुकदमे में दावा किया कि उन्हें अस्पष्ट तरीके से बर्खास्त किया गया जबकि उन्होंने ऐसा कुछ भी गलत नहीं किया जिससे उनकी बर्खास्तगी को उचित ठहराया जा सके। वादी को कोई कारण नहीं बताया गया कि उसे क्यों हटाया जा रहा है। मुकदमे में आरोप लगाया गया कि मस्क ने डेविस को व्यापक अधिकार दिए जिसके साथ उन्होंने तुरंत ट्विटर के उत्पादों और सेवाओं को घटाना शुरू कर दिया जो ट्विटर एफटीसी सहमति डिक्री का समर्थन और अनुपालन करते थे।

रोज़ा ने कहा कि डेविस ने उन्हें आधी रात तक भौतिक सुरक्षा बजट में अतिरिक्त 50 प्रतिशत की कटौती करने के लिए केवल कुछ घंटे दिए। उन्होंने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इससे कंपनी पर मुकदमे के अधीन सैकड़ों उपकरणों को संग्रहीत करने के अदालती आदेशों का उल्लंघन करने का जोखिम होगा। मुकदमे में दावा किया गया कि आपत्ति जताने के पांच दिन बाद, ट्विटर ने रोजा का एक्सेस रद्द कर दिया और उसे बिना कारण या नोटिस के निकाल दिया।

ट्विटर ने वादी को अपना बोनस मुआवजा प्राप्त करने से दो महीने से भी कम समय पहले हटा दिया। हालाँकि ट्विटर ने रोज़ा को विच्छेद पैकेज, निहितार्थ, बोनस और दो महीने के भुगतान की पेशकश की जैसा कि कंपनी के अन्य सभी बर्खास्त कर्मचारियों को प्रदान किया जा रहा था, लेकिन इसे कभी उपलब्ध नहीं कराया। कंपनी ने कहा कि नौकरी के दौरान उसके आचरण के संबंध में लंबित जांच के कारण ऐसा किया गया।आरोप है कि वादी के आचरण की कथित जांच एक दिखावटी जांच थी, जिसका उद्देश्य उसे उसके विच्छेद पैकेज और कंपनी के अन्य लाभों से वंचित करना था।

फ्री फायर इंडिया को लेकर बड़ी अपडेट: अब नहीं लॉन्च होगा गेम

नई दिल्ली। फ्री फायर इंडिया का इंतजार कर रहे फैंस के लिए बुरी खबर है। दरअसल गूगल ने फ्री फायर इंडिया गेम को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है। गूगल ने अपने प्ले स्टोर से फ्री फायर इंडिया को हटा दिया है। आपको बता दें कि भारत सरकार ने प्राइवेसी और सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए फ्री फायर गेम पिछले साल 14 फरवरी को बैन कर दिया था। इसके बैन होने के बाद से फ्री फायर लवर्स इस बैटल रायल गेम के री-लॉन्च होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब जब गूगल ने इसे प्ले स्टोर से हटा दिया है तो ऐसा माना जा रहा है कि इस गेम को अब लॉन्च नहीं किया जाएगा। फ्री फायर इंडिया को पहले 5 सितंबर को लॉन्च किया जाना था लेकिन डेवलपर्स ने इसकी लॉन्चिंग को टाल दिया था। बाद में कुछ रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि इसे नवंबर के दूसरे सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा लेकिन तब भी इसे लॉन्च नहीं किया गया। गूगल ने फ्री फायर इंडिया को भले ही प्ले स्टोर से हटा दिया है लेकिन अभी भी आप गरेना के फ्री फायर मैक्स को डाउनलोड कर सकते हैं। बता दें कि गरेना की तरफ से अगस्त में फ्री फायर इंडिया को लॉन्च करने की घोषणा की गई थी। इसके लिए कंपनी की तरफ से तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

जब्त किया था स्पाईसजेट का विमान, फैसले के बाद छोड़ा

नई दिल्ली। अहमदाबाद से यात्रियों को लेकर दुबई जा रहे स्पाइसजेट के विमान को, जिसे लैंडिंग से कुछ मिनट पहले डायवर्ट कर दिया गया था और हाल ही में एक पट्टादाता द्वारा जब्त कर लिया गया था, दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी) कोर्ट के आदेश के बाद छोड़ दिया गया है। घटना 30 नवंबर की है जब स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 15 अहमदाबाद से 12¬12 बजे दुबई के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के लिए एक बोइंग 737 एनजी विमान का इस्तेमाल किया गया था जो दिसंबर 2018 में कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स से लीज पर लिया गया था। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए जाने वाली उड़ान को निर्धारित लैंडिंग से केवल 10 मिनट पहले अचानक दुबई के दूसरे हवाई अड्डे, अल मकतूम इंटरनेशनल, जिसे दुबई वर्ल्ड सेंट्रल (डीडब्ल्यूसी) के रूप में भी जाना जाता है, की ओर मोड़ दिया गया। अल मकतूम इंटरनेशनल में उतरने पर, पट्टेदारों ने यात्रियों के उतरने का इंतजार किया और भारतीय पंजीकरण चिह्न वीटी-एसएलएम वाले विमान के कुछ इंजनों से संबंधित डीआईएफसी कोर्ट द्वारा 30 अक्टूबर को जारी किए गए फ्रीजिंग आदेश का हवाला देते हुए तुरंत विमान को जब्त कर लिया।

स्पाइसजेट के प्रवक्ता के अनुसार, फ्रीजिंग ऑर्डर जारी होने के बाद से विमान को अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़ा कर दिया गया। हालाँकि, हालिया सुनवाई में डीआईएफसी कोर्ट ने स्पाइसजेट के पक्ष में आदेश जारी कर दिया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, न्यायाधीश ने न केवल आदेश हटा दिया है।

नहीं बढ़ेगी ईएमआई, पांचवीं बार रेपो रेट 6.5 प्रतिशत पर बरकरार

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आम जनता को तोहफा दिया है। नए साल पर आपकी इएमआई में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। आरबीआई ने शुक्रवार को लगातार पांचवीं बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। साथ ही चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है।

वहीं खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की शुरू हुई तीन दिन की बैठक में किये गये निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, ''एमपीसी के सभी छह सदस्यों ने परिस्थितियों पर गौर करने के बाद आम सहमति से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखने का फैसला किया।'' इसके साथ, एमपीसी ने उदार रुख को वापस लेने के अपने रुख पर कायम रहने का निर्णय किया है।

दास ने कहा, ''वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और हमारी बुनियाद सुदृढ़ है।'' दास ने कहा, '' जीएसटी संग्रह, पीएमआई (परजेचिंग मैनेजर इंडेक्स) जैसे महत्वपूर्ण आंकड़े मजबूत बने हुए हैं। इन सबको देखते हुए चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है।'' आरबीआई ने पहले वृद्धि दर 2023-24 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। खुदरा महंगाई दर चालू वित्त वर्ष में 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान बरकरार रखा गया है।

डंकी की एडवांस बुकिंग शुरू, 21 दिसंबर को पर्दे पर आएगी फिल्म

हिंदी सिनेमा के मेगा सुपरस्टार शाह रुख खान किसी अलग पहचान के मोहताज नहीं हैं। अपनी कमाल की एक्टिंग से इस साल शाह रुख पठान और जवान जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर मूवीज दे चुके हैं। मौजूदा समय में फिल्म डंकी को लेकर किंग खान का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच डंकी की एडवांस बुकिंग को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जो विदेशों में इस फिल्म की टिकटों की सेल से जुड़ा हुआ है। शाह रुख खान स्टारर डंकी का शानदार ट्रेलर 5 दिसंबर को रिलीज किया गया है। इस ट्रेलर को देखने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट इस फिल्म के लिए काफी बढ़ गई है। आलम ये है कि हर कोई डंकी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। इस बीच यशराज फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर डंकी की एडवांस बुकिंग से जुड़ा अपडेट साझा किया है। यशराज फिल्म्स के मुताबिक विदेशो में डंकी की एडवांस बुकिंग की शुरुआत हो गई है। वर्ल्डवाइड ये फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।यशराज फिल्म्स की तरफ विदेशों में शाह रुख खान की इस फिल्म की टिकटों की सेल 7 दिसंबर से शुरू कर दी गई है। बता दें कि इस एडवांस बुकिंग के जरिए डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की डंकी को रिलीज के बाद वर्ल्डवाइड कलेक्शन में काफी मुनाफा मिल सकता है। विदेशों में शाह रुख खान डंकी की टिकटों की एडवांस बुकिंग विंडो खुलने के बाद अब हर किसी की नजर इंडिया में इसकी शुरुआत पर टिकी हुई है। हालांकि मेकर्स की तरफ से अब तक भारत में डंकी की एडवांस बुकिंग को लेकर कोई अपडेट शेयर नहीं किया गया है। लेकिन ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि रिलीज से एक सप्ताह पहले यानी 14 दिसंबर को इंडिया में डंकी की टिकटों की एडवांस बुकिंग की शुरुआत की जा सकती है। लेकिन इस मामले की अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा सकती है।

फिल्म खो गए हम कहां से सामने आई अनन्या पांडे की नई झलक

अनन्या पांडे की फिल्म खो गए हम कहा पिछले कुछ वक्त से चर्चा में है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव भी हैं। इन तीनों कलाकारों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं।खो गए हम कहां का प्रीमियर 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर होगा।अब फिल्म का नया पोस्टर सामने आया है, जिसमें अनन्या का शानदार अवतार देखने को मिल रहा है।इसी के साथ अनन्या ने बताया कि उनकी इस फिल्म का ट्रेलर कब आएगा। अनन्या ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर खो गए हम कहां का नया पोस्टर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, शीशा या दीवार पर लगा शीशा, इनमें से सबसे अधिक पसंद कौन है? अहाना।इसके साथ अनन्या ने खुलासा किया कि खो गए हम कहां का ट्रेलर 3 दिन बाद यानी 10 दिसंबर को आएगा।खो गए हम कहां के जरिए अर्जुन वरन सिंह ने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है।कल्कि कोचलिन भी फिल्म का हिस्सा हैं।

■ न्यूज गैलरी

महंत ने दी शहीद वीर नारायण के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदानी दिवस पर उनके वीरता को याद करते हुए दी श्रद्धांजलि। डॉ. महंत ने कहा कि, वीर

नारायण सिंह छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, एक सच्चे देशभक्त थे। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय उन्होंने जेल से भागकर अंग्रेजों से लोहा लिया था जिसमें वे गिरफ्तार कर लिए गए थे। अंग्रेजी हुकूमत ने 10 दिसम्बर 1858 को उन्हें रायपुर के जयस्तंभ चौक पर फाँसी दे दी। बाद में उनके शव को तोप से उड़ा दिया गया और इस तरह से भारत के एक सच्चे देशभक्त की जीवनलीला समाप्त हो गई। उल्लेखनीय है कि गोंडवाना के शेर कहे जाने वाले अमर शहीद वीर नारायण सिंह बिंझवार को राज्य का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का दर्जा प्राप्त है। इनके सम्मान में प्रदेश शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग ने उनकी स्मृति में पुरस्कार की स्थापना की है। इसके तहत राज्य के अनुसूचित जनजातियों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा स्वैच्छिक संस्थाओं को नगद राशि व प्रशस्ति पत्र देने का प्रावधान है।

रेत व गिट्टी का अवैध परिवहन, चार वाहन जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। गौण खनिज परिवहन में संलिप्त अलग-अलग स्थानों से चार वाहनों को जिला खनिज विभाग ने जब्त करते हुए थाना चैकी में अभिरक्षा के लिए रखा है। खनिज अधिनियम के तहत वाहन मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी। अवैध उत्खनन व परिवहन के मामलों में औचक कार्रवाई से खनिज माफिआओं हड़कंप मच गया हैं। जिले में गौण खनिज के अवैध परिवहन व खनन का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। जिले में एक मात्र रेत घाट का संचालन कटघोरा में हो रहा है। आदर्श आचार संहिता के कारण घाटों के नए सिरे से संचालन की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। पर्याप्त मात्रा में घाट संचालन नहीं होने की वजह जिले के अघोषित नदी घाटों रेत की चोरी हो रही है वहीं मुरूम और गिट्टी का भी अवैध परिवहन बढ़चढ़ कर हो रहा। शुक्रवार जिला खनिज न्यास की टीम ने इस पर लगाम कसने के लिए औचक कार्रवाई शुरू की। इस दौरान रेत के अवैध परिवहन में लगाए गए तीन ट्रैक्टर व गिट्टी के अवैध परिवहन में संलग्न एक हाईवा को जब्त कर क्रमशरू उरगा, बालको नगर व दर्री थाना के अभिरक्षा में रखा गया है। सत्ता परिवर्तन के बाद खनिज विभाग ने सतर्कता शुरू कर दी है।

दीवार में सेंध लगा कर मवेशियों की चोरी

कोरबा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत देवरी में मकान की दीवार में सेंध लगा कर छह बकरी, दो बकरा कीमत 70 हजार की अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह पहले जांजगीर जिला से आए हुए व्यापारी ने सात बकरी की 52 हजार रूपये कीमत लगाई थी। दो बकरे का 28 हजार रुपये मांग रहा था, पर सौदा नहीं हो सका। बकरी मालिक जय राम यादव ने बताया कि इन बकरियों का छोटे-छोटे बच्चे हैं। गुरूवार की रात किसी अज्ञात चोर द्वारा दीवाल तोड़कर छह बकरी व दो बकरे को चोरी कर ले गया। मामले की रिपोर्ट बांकी मोंगरा थाना में दर्ज कराई गई है, पर आरोपितों का पता नहीं चल सका। इसके साथ ही उसने कटघोरा, कोरबा, बाल्को दर्री, दीपका में जाकर चोरी गए बकरी के संबंध पता किया, पर जानकारी नहीं मिल सकी। उसने कहा कि रात में दो ढाई बजे के बीच एक सफेद की कार खड़ी थी। इस बीच जयराम को समीप ही रहने वाले बजरंग दास ने बताया कि रात को वापस घर लौट रहा था, तो देखा था कि कोई आठ बकरी- बकरा करके ले जा रहा है, पर उसकी पहचान नहीं हो सकी।

कोटपा अधिनियम के तहत की कार्यवाही

कोरबा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय तंबाकू अधिनियम कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग, नगर निगम व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा कटघोरा थाना क्षेत्र के बस स्टैण्ड तहसील चैक न्यायालय के पास महाविद्यालय, स्कूल क्षेत्र में कोटपा एक्ट के अंतर्गत कुल 21 प्रकरणों में 4600 रूपए का चालान किया गया। सीएमएचओ ने बताया कि संबंधित प्रकरणों में विक्रेताओं को तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंधित करने वाले पोस्टर दुकानों में चस्पा किया गया। इसके साथ ही उनको तंबाकू उत्पाद नहीं बेचने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोटपा एक्ट की धारा 04 एवं 06 के तहत 200 रूपए तक जुर्माना का प्रावधान है।

चलती ट्रक में लगी आग

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिले में केमिकल से भरा चलती ट्रक में अचानक आग लग गई। इसके बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। यह घटना लोहरकोट की हैं। ट्रक मुंबई से सम्बलपुर जा रही थी। तभी अचानक चलती ट्रक में आग लग गई। राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने में लग गई। वही पास पर ही डीज़ल टैंक जा रही थी अगर टैंक में आग लग जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। पुलिस ने आने - जाने के लिए आधे किलोमीटर से सड़क को डायवर्ट किया गया हैं।

टॉफी देने के बहाने नाबालिग से छेड़छाड़

कोटा/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के कोटा में पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक टॉफी देने के बहाने 7 साल की मासूम को बुलाकर ले गया और उससे अश्लील हरकत की। इसके बाद परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, पुलिस ने आरोपी युवक को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। 7 जनवरी को परिजनों द्वारा थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 7 साल की बच्ची को गांव के ही विकास कुमार उर्फ गोरे द्वारा खाई देने के बहाने बुलाकर ले जाया गया और बच्ची के साथ अश्लील हरकत की गई। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया गया।

कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकला नोटों का पहाड़, लगाई भ्रष्टाचार की सेल : अशोक

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने झारखंड काँग्रेस से राज्यसभा साँसद धीरज साहू से जुड़े व्यापारिक ठिकानों पर आयकर छापेमारी में 200 करोड़ रुपये के नगद जब्त होने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा । कांग्रेस बात करती है मोहब्बत की दुकान की और अपने दुकान में सेल लगा रखा है भ्रष्टाचार की। देश भर में जहाँ जहाँ आयकर टीम ने छापे मारे वहाँ कांग्रेसियों के गोदाम से नगदी राशि का जखीरा मिला। उन्होंने कहा वर्तमान राज्यसभा साँसद के घर से 200 करोड़ नगद मिलना अब तक कि देश में जब्त सरकारी पैसों में सर्वाधिक बड़ी रकम है।

भ्रष्टाचार की काली कमाई से काँग्रेस नेता अपनी जेब भर रहे हैं और यह सारा पैसा गाँधी परिवार की तिजोरी तक जाता है। यह सारा पैसा जनता की गाढ़ी कमाई का है ,जिससे काँग्रेस के नेता अपना घर भर रहे है। छत्तीसगढ़ में इन्हीं भष्टाचार के आरोप में घिरे भूपेश सरकार को जनता ने नकार दिया। छत्तीसगढ़ में सीएम भूपेश बघेल भी गाँधी परिवार का ए टी एम बनकर रह गए थे। गोबर घोटाला ,कोल घोटाला,शराब घोटाला,पीएससी घोटाला। उन्होंने कहा ईडी आयकर के छापे से इसलिए कांग्रेसी तिलमिला जाते है उन्हें पता है जहाँ भी छापा पड़ेगा माल कांग्रेसियों का ही होगा। 2024 के लोक सभा चुनाव में जनता इन्हें फिर सबक सिखाने तैयार है। प्रेस वार्ता में जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा ,श्रीकान्त उपाध्याय आदि मौजूद थे।

किसानों को धान बेचकर ही चुकाना होगा लोन

■ **जिला सहकारी बैंक से 98 करोड 4 लाख रुपए का लिया था लोन**

बलरामपुर/नवप्रदेश। राज्य में बीजेपी की सरकार बनने के बाद अब बलरामपुर जिले के 20 हजार 707 किसानों की कर्ज माफी की योजना पर विराम लग गया है। बीजेपी सरकार ने घोषणा पत्र में कर्ज माफी का वादा नहीं किया था और केवल समर्थन मूल्य की राशि 3100 रुपए प्रति क्विंटल देने का ही वादा किया था। ऐसे में किसानों को अब धान बेचकर ही बैंक को बकाया लोन चुकाना होगा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से अब तक बलरामपुर जिले के 20 हजार 707 किसानों ने 98 करोड़ 4 लाख 81 हजार रुपए का लोन लिया है। हालांकि इसमें बड़े किसान ही शामिल हैं जिन्होंने लाखों रुपए का लोन लिया है जबकि मध्यम और गरीब किसानों की संख्या कम है। ऐसे में कर्ज माफी का लाभ नहीं मिलने पर बड़े किसानों को लोन की सारी रकम चुकता करनी होगी। धान बिक्री में अभी दो महीने का समय शेष है। ऐसे में बैंक के द्वारा भी लिंकिंग के माध्यम से धान खरीदी के द्वारा लोन की राशि काट कर शेष राशि किसानों के खातों में दी जाएगी।

लोन लेने वाले किसानों की संख्या बढ़ी

किसान खाद और बीज आदि के लिए ऋण लेते हैं। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज की दर पर ऋण मिलता है। अल्पकालीन ऋण की वसूली धान खरीदी के दौरान लिंकिंग के माध्यम से की जाती है। धान बेचते ही ऋण की राशि कट जाती है। फिलहाल और दो महीने धान की खरीदी होगी।

किसानों को मिलेगी एकमुश्त बोनस

बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में धान बोनस का पैसा एकमुश्त देने की बात कही है। जिसका फायदा किसानों को इस साल मिलेगा। इससे पहले किसानों को बोनस की राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत चार किश्त में दी जा रही थी।

6 क्विंटल धान और समर्थन मूल्य भी 600 रुपए बढ़ा

कांग्रेस सरकार ने 20 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा की थी, तो वहीं बीजेपी सरकार 21 क्विंटल धान खरीदेगी जबकि विगत वर्षों में किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान 2500 रुपए समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा था। अब बीजेपी सरकार के द्वारा 3100 रुपए समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जाएगा, यानि कि समर्थन मूल्य में 600 रुपए प्रति क्विंटल का लाभ सीधे किसानों को मिलेगा। इसे लेकर किसानों में खुशी है। बीजेपी और कांग्रेस की लड़ाई में किसानों को समर्थन मूल्य के तौर पर लाभ मिलने वाला है। जिसका फायदा बलरामपुर जिले के 48259 किसानों को मिलेगा।

सर्व आदिवासी समाज ने रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

बांदे/नवप्रदेश। सर्व आदिवासी समाज ने आंदोलन का दूसरा वर्षगांठ मनाया और बेचाघाट नदी से छोटेबेठिया खेल मैदान तक विशाल रैली निकालकर एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर हूंकार भरी। इस दौरान बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे। उन्होंने छोटेबेठिया में सभा आयोजित कर नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग

ये ग्रामीण पिछले दो साल से बीएसएफ कैंप के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं।

उनकी मांग है कि बेचाघाट प्रस्तावित पुल निरस्त होने के साथ गोमे गांव में हुई मुठभेड़ से दो ग्रामीणों की हत्या पर न्यायिक जांच हो और दोषियों पर कार्रवाही की जाए। चुनाव के दौरान उलिया गांव के पास हुए मुठभेड़ में ग्रामीण को गोली लगने से मौत हुई थी। मृत परिजनों को अब तक मुआवजा नहीं दिया गया है। जल्द से जल्द सरकार परिवार को मुआवजा दे।

सत्ता बदलते ही बुलडोजर का कहर

■ **शराब दुकानों के आसपास संचालित चखना दुकानों को आबकारी अफसरों ने कराया बंद**

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद शराब दुकानों के आसपास राजधानी रायपुर में चल रही कार्यवाही की आग शहर में भी पहुँच गई है। शराब दुकानों के आसपास स्थित चखना सेंटरों से आबकारी अधिकारी कर्मचारी अवैध रूप से भारी रकम वसूलते थे। अब अचानक से सक्रिय हुई आबकारी विभाग ने शहर के धरमपुरा स्थित सरकारी शराब दुकानों के आसपास निजी काम्पलेक्सों में स्थित चखना दुकानों को आनन फानन में बंद कराने की कार्यवाही बुधवार शाम से शुरू

कर दी । आबकारी विभाग के अधिकारी हालंकि इसके पीछे उच्चाधिकारियों से मिले आदेश को बता रहे है। लेकिन पिछले पांच साल से आबकारी विभाग के तले ही इन निजी काम्पलेक्स में चल रहे चखना दुकानों से वसूली कर इन्हें संरक्षण दिया जा रहा था। बुधवार शाम से शुरू हुई कार्यवाही में शराब दुकान के आसपास के दो दर्जन से अधिक दुकानें पूरी तरह बंद करा दी गई है। इससे काम्पलेक्सों में हजारों रुपए महीने में किराया देकर दुकानों का संचालन करने वाले दुकानदार परेशान हैं।

कार्यवाही का डर बढ़ा

धरमपूरा स्थित शराब दुकान के पीछे सामने सहित कई जगहों पर स्थित जमीन स्वामियों ने यहाँ काम्लेक्स बनाकर दुकानें किराए पर दे रखी है । बताया गया कि शहर के किसी भी इलाके मे इतने किराए नहीं दिए जाते जितना किराया शराब दुकान के आसपास स्थित दुकानों का है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान इन निजी काम्पलेक्सों में संचालित होने वाले चखना दुकानों को आबकारी विभाग का ही संरक्षण मिलता रहा है। ठेले गुमटियों में छोटी मोटी दुकान लगाकर अपनी जीविका चलाने वाले दुकानदारों को तो वहाँ से हटा दिया गया था।

आबकारी कर्मचारी करते थे अवैध वसूली

निजी काम्पलेक्सों में संचालित चखना दुकानों के संचालकों ने बताया कि इसके संचालन के एवज में आबकारी विभाग के कर्मचारी रोजाना के हिसाब से बड़ी राशि वसूल करते थे। अब सत्ता परिवर्तन के बाद राजधानी रायपूर सहित दूर्ग भिलाई में ऐसे अवैध चखना दुकानों पर बुलडोजर चलाने की कार्यवाही सरकार गठन के पहले ही शुरू हो गई है। अवैध तरीके से बनाए गए दुकानों, सरकारी जमीन पर किए कब्जो को ढहाया जा रहा है। शहर के शराब दुकानों के आसपास हाकि अवैध कब्जे और अवैध दुकानों का संचालन नही होता है। इसके बाद भी आबकारी विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेश का हवाला देकर बुधवार शाम से ही दुकानों को बंद कराने विभागीय अधिकारी कर्मी दौड़भाग में उतर गए।

> **ऊपर से आया आदेश**
>
> विभाग में ऊपर से आदेश आया है। चखना दुकानों द्वारा गंदगी फैलाने और दुकानों में बिठाकर शराब पिलाने की शिकायतें थी। उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद ऐसे दुकानों को बंद कराया गया है।
>
> **-तपन सोरी**
> आबकारी अधिकारी खैरागढ़

प्रबल ने हार का ठीकरा सत्ता और सरकारी तंत्र पर फोड़ा

कोटा/नवप्रदेश। कोटा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और स्व. दिलीप सिंह जूदेव के बेटे प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कांग्रेस पर कोटा में सत्ता और सरकारी तंत्र के दुरूपयोग का आरोप लगाया है। श्री जूदेव ने कहा कि, कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में सरकारी तंत्रों एवं माफियाओं का सक्रिय सहयोग रहा। धनबल से कोटा विधानसभा की जीत को लूट लिया गया। श्री जूदेव ने कहा कि, मैं हतप्रभ था... मात्र 5 साल सत्ता में रहकर इतना धन का संचय और दुरुपयोग मैंने कभी नहीं देखा था। माफियाओं द्वारा हमारे कार्यकर्ताओं को मारपीट कर एवं चाकू मारकर दहशतभरा माहौल बनाने की कोशिश हुई।

प्रशासन खामोश रहकर कांग्रेस प्रत्याशी का सहयोग करता रहा। सरकारी साधनों का जमकर दुरुपयोग हुआ। सरकारी गाड़ियों और एंबुलेंस में साड़ियां और बर्तन ढोए गए। माफिया के साथ सरकारी विभागों के अधिकारी डर से उनके आदेशों का पालन कर घर-घर जाकर पैसे और संसाधन वितरण करते रहे। धर्मांतरण के प्रणेता मिशनरी माफ़िया, जेहादी गैंग ने कांग्रेस के साथ मिलकर मेरे विरुद्ध षड्यंत्र रचा। क्योंकि मैं अपने पिताजी कुमार दिलीप सिंह

जूदेव द्वारा चलाए गए घर वापसी अभियान में अनवरत लगा हुआ हूं।

जिन्होंने उन्हें वोट दिया उनका आभार

श्री जूदेव ने कहा कि, इस कुशासन के घोर दमन के बावजूद जनता ने भारतीय जनता पार्टी के सम्मान में खुलकर मतदान किया और पिछले सारे चुनाव की अपेक्षा मुझे लगभग डेढ गुना ज्यादा 66 हजार वोट दिया। इसके लिए मैं कोटा विधान सभा के सभी आदरणीय मतदाताओं के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि, इस चुराई हुई जीत से हमारे संबंधों और कार्यों में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। सरकार हमारी है, हम सब मिलकर अपने विधानसभा को विकास के पथ पर ले चलेंगे और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के विकास के संकल्प को पूरा करेंगे।

साजिश का पर्दाफाश होगा

जीतकर भी जो हार मिली है उसे स्वीकार करता हूं और विश्वास दिलाता हूं आगामी दिनों में तमाम साजिशकर्ताओं का पर्दाफाश होगा। अर्थतंत्र को जनतंत्र से बड़ा बताने वालों को बताना होगा कि, यह कलाधन उन्होंने कहां से अर्जित किया है। माफिया राज का अंत अवश्यंभावी होगा यह मेरा संकल्प है। कोटा विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। संगठन मजबूत किया जाएगा और वास्तविक कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान की जायेगी।

श्रीमती जोगी को मिले मत भी साजिश का हिस्सा

साथ ही उन्होंने कहा कि, पूर्व विधायक श्रीमती रेणु जोगी को मात्र आठ हजार मत का प्राप्त होना किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं यह साजिश उनके द्वारा हुई या उनके साथ की गई इसका जवाब वक्त देगा।

राष्ट्रीय एकता शिविर में बेमेतरा ने लहराया परचम

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले में युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नादिया विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ ने अपना परचम लहराया और सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय एकता शिविर में शामिल 15 राज्यों के मध्य राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम छत्तीसगढ़ ने राज्य की पावन धरा पर कुसुमित

रावत नाचा, देवी जस गीत, कर्मा नृत्य, सुआ गीत व नृत्य इत्यादि की शानदार प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रथम स्थान अर्जित कर राज्य का मान बढ़ाया। कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति पर कोलकाता राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रिय निर्देशक विनय कुमार ने छत्तीसगढ़ के टीम की व चन्द्रशेखर की भारी प्रशंसा की।

एनएसएस के 15 राज्यों के युवा शामिल : इस कार्यक्रम में जिला बेमेतरा के शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला में अध्ययनरत चंद्रशेखर ठाकुर ने स्वयं सेवकों के मध्य टीम छत्तीसगढ़ का सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नेतृत्व किया।

कांग्रेसियों से मारपीट, बीजेपी विधायक का पुतला फूंका

■ **शपथ ग्रहण हुआ नहीं और भाजपाई गुंडागर्दी पर उतारू**

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर विधानसभा से विजयी बीजेपी प्रत्याशी केदार कश्यप का गुरुवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भानपुरी में पुतला दहन किया। बीजेपी के कार्यकर्ताओं पर आरोप है कि उन्होंने भानपुरी इलाके के करन्दोला में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की। इसको लेकर विधायक केदार कश्यप का पुतला दहन कर धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रदेश में बीजेपी की सत्ताआने के बाद अभी शपथ ग्रहण भी नहीं हुआ है और इससे पहले ही बीजेपी के कार्यकर्ता गुंडागर्दी करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मारपीट कर रहे हैं। केदार कश्यप के विधायक बनने पर उनके कार्यकर्ताओं की दबंगई फिर से शुरू हो गई है और आम लोगों के साथ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से भी मारपीट कर रहे हैं। इस मामले में पीड़ित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भानपुरी थाना में शिकायत भी दर्ज कराई है। हालांकि अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

पुरानी रंजिश में मारपीट का आरोप

कांग्रेस के भानपुरी ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र जैन ने बताया कि बुधवार को बीजेपी के कार्यकर्ता करन्दोला इलाके में पहुंचे और यहां दबंगई

करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मारपीट करने लगे। बिना वजह मारपीट की गई। इस दौरान मौके पर अपने मोबाइल से वीडियो बना रहे एक युवक की भी भाजपाइयों ने जमकर पिटाई कर दी। जितेंद्र जैन ने बताया कि भाजपाइयों ने पुरानी रंजिश की बात कहते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की पिटाई की। इस मामले में पीड़ित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भानपुरी थाना में लिखित शिकायत की है, लेकिन अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिसके चलते गुरुवार को भानपुरी के मुख्य मार्ग में बीजेपी विधायक केदार कश्यप का पुतला दहन किया गया।

विधायक बनते ही भाजपाई कर रहे दबंगई : कांग्रेस

जितेंद्र जैन ने कहा कि केदार कश्यप के विधायक बनने पर उनके कार्यकर्ताओं की दबंगई फिर से शुरू हो गई है और बेख़ौफ होकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मारपीट जैसे वारदात को अंजाम दे रहे हैं, इस मामले में भानपुरी पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है, लेकिन अब तक पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई है, इधर पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प भी हुई।